कन्नडप्रान्तीय

ताडपत्रीय-ग्रन्थसूची

भारतीय ज्ञानपीठ काशी

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला [संस्कृतग्रन्थाङ्क २]

कन्नडप्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थसूची

[जैनमठ-जैनसिद्धान्तभवन-सिद्धान्तबसदि आदि मूडबिद्री, जैनमठ कारकल, आदिनाथ ग्रन्थ-भण्डार अलियूर आदिके भण्डारोंकी सविवरण सूची]

सम्पादक—

विद्याभूषण पं० के० भुजबली शास्त्री मूडबिद्री

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

प्रथम आवृत्ति
५०० प्रति

माघ, वीरनिर्वाण सं० २४७४
वि० सं० २००४
जनवरी १९४८

मूल्य १३)
तेरह रुपया

भारतीय ज्ञानपीठ काशी

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की पवित्र स्मृति में
तत्सुपुत्र सेठ शान्तिप्रसाद जैन द्वारा

संस्थापित

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में प्राकृत संस्कृत अपभ्रंश हिन्दी कन्नड तामिल आदि प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध आगमिक दार्शनिक पौराणिक साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध विषयक जैन साहित्य का अनुसन्धान, उसका मूल और यथासंभव अनुवाद आदि के साथ प्रकाशन होगा। जैन भंडारों की सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानों के अध्ययन ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन साहित्य भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक और नियामक (संस्कृत विभाग)

पं० महेन्द्रकुमार जैन, न्यायाचार्य, जैन-प्राचीन न्यायतीर्थ
बौद्धदर्शनाध्यापक, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

संस्कृत ग्रन्थांक १

प्रकाशक—अयोध्याप्रसाद गोयलीय,
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड, काशी
मुद्रक—रामकृष्ण दास
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रेस, बनारस।

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीरनि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी १९४४



स्व० मूर्तिदेवी, मातेश्वरी सेठ शान्तिप्रसाद जैन

JNANA-PITHA MOORTIDEVI JAIN GRANTHAMALA

SANSKRIT GRANTHA No. 2

Kannad Prantiya Tadapatriya Grantha Soochi

[A descriptive Catalogue of Bhandaras of Jain Matha
Jain Siddhant Bhavan, Siddhant Basadi etc. of
Moodbidri, Jain Matha of Karakal, and
Adinatha Grantha-Bhandar of
Aliyoor etc.]

EDITOR

VIDYABHOOSHAN PANDIT K. BHUJABALI SHASTRI

MOODBIDRI

BHARTIYA JNANA PITHA KASHI

First Edition
500 Copies.

MAGHA VIR SAMVAT 2474
VIKRAMA SAMVAT 2004
JANUARY, 1948

Price Rs. 13/-

BHARATIYA JNANA-PITHA KASHI

FOUNDED BY

SETH SHANTI PRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

MOORTI DEVI.

JNANA-PITHA MOORTI DEVI JAIN GRANTHAMALA

IN THIS GRANTHAMALA CRITICALLY EDITED JAIN AGAMIC, PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSHA, HINDI, KANNADA AND TAMIL ETC. AVAILABLE IN ANCIENT LANGUAGES, WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THE TRANSLATION IN MODERN LANGUAGES AND ALSO CATALOGUES OF BHANDARAS, INSCRIPTIONS STUDIES, OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL BE PUBLISHED.

GENERAL EDITOR OF THE SANSKRIT SECTION

PANDIT MAHENDRA KUMAR JAIN

NYAYACHARYA, JAIN-PRACHIN NYAYA TIRTHA

PROFESSOR OF BAUDDHA DARSHAN

BANARAS HINDU UNIVERSITY,

BANARAS.

SANSKRIT GRANTHA No. 2

PUBLISHER

AYODHYA PRASAD GOYALIYA

Secretary—BHARATIYA JNANA PITHA

DURGAKUND, BANARAS CITY.

Founded in
Falgun Krishna 9
Vir Samvat 2470

Vikram Samvat 2000
18th February, 1944

विषय-सूची

प्रास्ताविक किञ्चित्

धर्म-तीर्थङ्करोंकी पवित्रवाणी गणधरोंने सुनी और उसे ग्रन्थरूपमें गूँथकर अपने शिष्योंको सुनाई। इस तरह श्रुतानुश्रुत परम्परासे उनके दिव्य उपदेश भव्यजनोंको समताका पाठ पढ़ाते रहे। श्रुत-सुनेगए उपदेश स्मृतिद्वारा नूतन पीढ़ीको अलिखित ही प्राप्त होते गए। कालने करवट ली, लोगोंकी स्मरणशक्ति दिनोंदिन क्षीण होने लगी तब युगप्रधान आचार्योंने उन छिन्न विच्छिन्न उपदेशोंको लिपिबद्ध किया। उन सूत्रात्मक उपदेशोंको मूल आधार बनाकर संख्याबद्ध विविधविषयक शास्त्रोंका निर्माण हुआ। किसी भी संस्कृतिका मूर्त आधार उसका साहित्य होता है। साहित्य सुरक्षित रहा संस्कृति जीवित रही, साहित्यके नष्ट होते ही संस्कृति अपने आप विनाशके गर्भमें समा जाती है। अतः पुरातन आचार्योंने इन शास्त्रोंकी सैकड़ों प्रतिलिपियाँ कराके समस्त भारतके कोने कोनेमें पहुँचा दीं।

जैनसंस्कृतिको विदेशियोंसे उतना मोर्चा नहीं लेना पड़ा जितना समान-तन्त्रीय बौद्धसंस्कृति और प्रतितन्त्रीय वैदिक संस्कृतिसे। नास्तिक शब्द तो जैनोंके लिए रूढ़सा कर दिया गया था। मगध देशमें भूलसे भी जानेवाले वैदिकोंको प्रायश्चित्त करना होता था। मागधी अर्धमागधी या प्राकृत भाषाका जिसमें इन तीर्थंकरोंके लोकोदयकारी उपदेश होते थे–उच्चारण करना भी पापका कारण माना जाता था। उस जीवन-मरणके कठिन युगमें इन धर्मप्राण आचार्योंने अपनी संस्कृतिकी निधिको अतिशय मनोयोग पूर्वक रखाया और बढ़ाया।

दक्षिणके भण्डारोंमें दिगम्बर परम्पराके ग्रन्थरत्न बिखरे पड़े हैं। जैनग्रन्थोंको जलाकर पानी गरम करनेवाले प्रतितन्त्रियोंकी कमी नहीं थी। इन्हें राजाश्रय भी प्राप्त था। अतः भण्डाराध्यक्षोंने ताडपत्रीय ग्रन्थोंको बाँध बाँध कर कुएमें डाला। भूमिगृहमें उन्हें अतिसुरक्षित किया। फलस्वरूप सैकड़ों ग्रन्थरत्न कुओंमें पड़े रह गए और सहस्रों कीटकोंका भोजन बन गए। कुन्दकुन्द, समन्तभद्र, उमास्वामि जैसे युगनिर्माता आचार्योंका पूरा साहित्य हमें उपलब्ध नहीं है। भट्टारक युगमें इन भण्डारोंका बाह्यरक्षण तो रहा पर भीतर ही भीतर वे पुद्गल जीर्ण-शीर्ण और दीमकभक्ष्य बनते गए, जिनपर जीवनकी साधनाका एक एक क्षण मूर्त रूप लिए हुए था। इन लोगोंने तालियाँ तो सम्हालीं पर भण्डारोंको खोलकर उनके जीर्णोद्धारके प्रयत्न नहीं ही किए। कुछके लिए तो ये पूजा प्रतिष्ठा और आर्थिक लाभके साधन बन जानेके कारण अपने सहधर्मी विद्वज्जनोंको भी दुष्प्राप्य बन गए थे। ऋषिकल्प पं० टोडरमलजी जैसे विद्वद्प्रणीको भी इनके स्वाध्यायका अवसर न मिला और वह ग्रन्थराशि धीरे धीरे अस्त-व्यस्त जीर्ण-शीर्ण नष्टप्राय होती गई। यद्यपि बीच बीचमें ऐसे भी प्रयत्न हुए जिनसे इन ग्रन्थोंने प्रकाश और धूप देखी। अस्तु।

आज भी सैकड़ों ग्रन्थ दक्षिणके व्यक्तिगत तथा मठोंके भण्डारोंमें पड़े हुए होंगे जिनमें संस्कृतिके विविध अङ्गोंपर प्रकाश डालनेवाली ज्ञाननिधि उत्कीर्ण होगी। दिगम्बर ग्रन्थोंकी शुद्ध प्रतिलिपियाँ दक्षिणके भण्डारोंमें ही मिलती हैं। क्योंकि इनके प्रमुख आचार्योंने दक्षिण भारतकी ही पुण्यभूमिको गौरवान्वित किया था। वहीं इन ग्रन्थोंकी आद्य प्रतिलिपियाँ हुईं। कन्नड लिपिमें छोटी इ और बड़ी ई अल्पप्राण द और महाप्राण ध, द्ध जैसे संयुक्ताक्षर और पूर्व अनुस्वारमें यथा बंध और बद्धमें कोई अन्तर नहीं होता अतः लिपिकारोंको वर्णविपर्यास होना स्वाभाविक है। अनेकों प्रतियोंमें प्रकरणके प्रकरण नकल करनेसे रह जाते हैं। इसके अनुभूत उदाहरण न्यायकुमुदचन्द्र, राजवार्तिक और न्यायविनिश्चय विवरणकी प्रतियाँ हैं। न्यायकुमुदचन्द्रकी उत्तर प्रान्तीय प्रतियोंमें एक स्थलपर २२ पत्रका पाठ छूट गया और यह छूट प्रायः उत्तरकी प्रतियोंमें चालू रही, पर पूनाकी ताडपत्रीय-प्रतिसे उसकी पूर्ति हुई। राजवार्तिकका जिन ताडपत्रीय प्रतियोंसे सम्पादन किया जा रहा है वे अत्यन्त शुद्ध तथा सटिप्पण हैं। मुद्रित राजवार्तिकमें कई स्थलोंमें पंक्तियाँ छूटी हैं। न्यायविनिश्चयविवरणकी यदि दक्षिण प्रान्तकी

ताडपत्रीय प्रति न मिली होती तो इसके सम्पादनकी हिम्मत मेरी भी नहीं हो रही थी। अतः जिन ग्रन्थोंकी प्रतियाँ उत्तरमें सुलभ भी हैं उनकी शुद्धतर प्रतियोंके लिए दक्षिणकी प्रतियोंकी खोज अत्यावश्यक है।

शोध, खोज और प्राचीन ग्रन्थभण्डारोंकी सूचीका निर्माण आदि ऐसे कार्य हैं जिन्हें तन्त्रसञ्चालककी अपनी संस्कृतिके उद्धारकी अटूट श्रद्धा ही सतत चालू रख सकती है। दाता अपनी श्रद्धाके द्रव्यफूल जिनवाणी-माताके चरणोंमें बखेरकर एक प्रकारसे कृतकृत्य हैं। पर उसकी श्रद्धाके कणोंका यथेष्ट विनियोग तो अन्ततः सञ्चालककी दृढ़ता और उद्धारकबुद्धिपर ही निर्भर है। भगवान् जिनेन्द्रकी सद्‌भक्तिके प्रसादसे हम सबको वह बल और सूझ मिले जिससे इस कार्यको उद्धारकबुद्धिसे आगे बढ़ा सकें।

भद्रजीवी साहु शान्तिप्रसादजीकी अटूट श्रद्धा और उन्मुक्तहस्तता तथा उनकी तद्रूपा धर्मपत्नी सौ० रमाजीकी समन्वयशीलता और स्थिरता अभिनन्दनीय और अनुकरणीय है। आशा है कि वे अपने सुदीर्घ जीवनमें इस ज्ञानाङ्कुरको विवेकवारि और सतत लगनसे पल्लवित, पुष्पित और फलित करेंगे। इस ग्रन्थके विद्वान् सम्पादक पं० के० भुजबली शास्त्रीकी अपनी व्यवस्था, कार्यतत्परता और संस्कृतिनिष्ठासे समाज सुपरिचित है। उनकी ही कार्यतत्परताका परिणाम है जो ज्ञानपीठकी मूडबिद्री शाखाने दो वर्षमें ही पर्याप्त कार्य किए जिनमें यह सूची मुख्य है। इस सूचीनिर्माणके फलस्वरूप विभिन्न विषयके करीब १२५ अप्रकाशित ग्रन्थोंकी प्रतिलिपियोंका पता लगा। जिनमें अनेक तो अन्यत्र अलभ्य और एकमात्र प्रतियाँ हैं। अनेकों शुद्धतम प्रतियोंकी खोज हुई जिनसे इतिहास और संशोधनप्रेमियोंकी सामग्रीमें पर्याप्त वृद्धि हुई। हमें आशा है कि शास्त्रीजीकी शक्तिका इस दिशामें आगे भी उपयोग होगा और हमें अपनी खोई हुई ज्ञाननिधिके दर्शन हो सकेंगे। शास्त्रीजी तथा शास्त्रीजीके सहयोगी हमारे विशेष धन्यवादके पात्र हैं।

सूचीकी छपाई काशीमें हुई है। यह सम्भव नहीं हुआ कि इसके प्रत्येक प्रूफ मूडबिद्री भेजे जाते अतः कुछ अशुद्धियाँ रह गई हैं। उन त्रुटियोंके उत्तरदायी हम हैं। इस कठिन कालमें जो हो सका वह आप सबके सामने है। इस सूचीके सम्पादक शास्त्रीजीने अपनी प्रस्तावनाके अन्तमें आशा की है कि ज्ञानपीठ इस सूचीनिर्माण के कार्यको अवश्य आगे चलावे। ज्ञानपीठके संस्थापककी श्रद्धामें कमी नहीं है वे जल्दीसे जल्दी इस सांस्कृतिक यज्ञको सम्पन्न देखना चाहते हैं। सञ्चालक भी यथारुचि प्रयत्नशील हैं कि परिस्थितियाँ अनुकूल होते ही कार्यको क्रमशः आगे बढ़ाया जाय। इस भीषण संक्रमणकालमें हमें संस्कृतिके प्राणोंकी सुरक्षाके लिए अति सतर्कतासे सतत जागरूक रहकर कर्मक्षेत्रमें डट जाना है। वस्तुतः ऐसे ही कार्य ज्ञानपीठकी देन कहे जा सकते हैं।

भारतीय ज्ञानपीठ
विजयादशमी
२४।१०।४७

—महेन्द्रकुमार जैन
ग्रन्थमाला सम्पादक

प्रकाशन व्यय

३०००)	सूचीनिर्माण तथा सम्पादन	३००)	प्रूफशोधन
५६०)	कागज	२८५)	व्यवस्था
११२५)	छपाई	५००)	भेंट
३००)	बाइंडिग	१५००)	कमीशन
१५०)	रेपर चित्र		
		७७२०)	

५००) प्रति   लागत प्रति १५।≡)   मूल्य १३) रु०

प्रकाशकीय

दक्षिण प्रान्तीय अनुपलब्ध और अप्रकाशित ग्रन्थोंकी शोध-खोजकी भावनासे प्रेरित होकर काशीमें ज्ञानपीठ स्थापित होनेके दो माह बाद ही अप्रैल १९४४ में ज्ञानपीठकी एक शाखा मूडबिद्रीमें भी खोल दी गई। सौभाग्यसे उसी प्रान्तके प्रसिद्ध और योग्य विद्वान् विद्याभूषण पं० के० भुजबली शास्त्रीकी सेवाएँ प्राप्त हो गईं। अतः उनकी देख रेखमें पं० बी० लोकनाथ शास्त्री, पं० पद्मनाभ शास्त्री, पं० एस० चन्द्रराजेन्द्र साहित्य शास्त्री और पं० एम० पी० भोजराज पोणीने दो वर्ष निरन्तर परिश्रम करके पाँच ग्रन्थभण्डारोंकी जाँच पड़ताल की, जिसके फलस्वरूप १२५ अप्रकाशित ग्रन्थोंकी प्रतिलिपियोंका पता चला और ३५३८ ताडपत्रीय और हस्तलिखित शास्त्रोंकी सविवरण प्रस्तुत ग्रन्थ सूची तैयार हुई।

इन दो वर्षोंमें मूडबिद्री शाखामें ४४५२॥) व्यय हुए। ५ ग्रन्थ भण्डारोंकी जाँच पड़तालके अतिरिक्त दशभक्त्यादि संग्रह (पृ० १००) का सम्पादन हुआ। ८ ग्रन्थों का मूल प्रतिसे मिलान किया गया, पोन्न और रन्न कविका परिचय लिखा गया।

शाखा स्थापित करते समय भावना थी कि दक्षिण प्रान्तके समस्त ग्रन्थ भण्डारों का परिश्रमी और योग्य विद्वानों द्वारा निरीक्षण कराके एक वृहत् तालिका बनवाई जाय। और उनमेंसे उपलब्ध अप्रकाशित महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ अधिकारी विद्वानोंसे सम्पादित कराके प्रकाशित किए जाएँ। किन्तु हृदयस्थित भावनाएँ पूर्ण न हो सकीं; निम्न बाधाएँ मार्ग रोककर खड़ी हो गईं जिसके कारण दो वर्ष बाद कुछ समयके लिये शाखा बन्द कर देनी पड़ी।

(१) दक्षिणप्रान्तीय ज्ञानपीठ शाखा द्वारा सम्पादित ग्रन्थ कन्नड भाषामें होनेके कारण उनके मुद्रण और विक्रयका प्रबन्ध उसी प्रान्तमें करना पड़ता। काग़ज़का अभाव, प्रेसकी असुविधा और उस प्रान्तका विक्रय आदिका अनुभव न होनेसे प्रकाशनका साहस नहीं हुआ। मुद्रण, प्रचार, विज्ञापन, भेंट, बिक्री आदिका कार्य इतना बढ़ता कि हमारे सम्हाले न सम्हलता।

(२) ग्रन्थसूची आदिका कार्य भी इतना व्यय-साध्य मालूम हुआ कि कई पुरातत्त्वप्रेमी और सहयोगी विद्वानोंकी सम्मतियों और अपनी समाजकी रुचिको देखते हुए उत्साह नहीं हुआ कि सूची-निर्माणमें इतना अधिक व्यय किया जाय। क्योंकि हमारे समाजकी प्रथम तो ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रकाशनकी ओर रुचि नहीं है और कदाचित् कुछ महानुभावोंको है भी तो उनमें से अधिकांश मुफ्त साहित्य भेजनेकी निरन्तर प्रेरणा करके पारमार्थिक प्रकाशन संस्थाओंका उत्साह बढ़ाते रहते हैं (?) जिस समाजमें महाधवल जैसे दुष्प्राप्य सिद्धान्तग्रन्थ मुफ्त पढ़नेकी अभिलाषा बलवती हो, उसके लिये इतना अधिक व्यय करके सूचीपत्रके कार्यको जारी रखनेका साहस हमें नहीं हुआ और इन दो वर्षोंमें जिन ग्रन्थ भण्डारोंकी तालिका तैयार हुई, वही प्रेसमें दे दी गई।

ज्ञानपीठ महत्त्वपूर्ण भव्य प्रकाशनके लिये निरन्तर प्रयत्नशील है, परन्तु जब कभी अनुभवी और वयोवृद्ध गुरुजनोंसे सुननेमें आता है कि अधिकसे अधिक उपयोगी ग्रन्थोंकी भी ५०० प्रतियाँ १५–२० वर्षोंमें कठिनतासे निकल पाती हैं और उसमें भी अधिकांश भेंटस्वरूप प्राप्त करके ही जिनवाणी माताका उद्धार देखना चाहते हैं तो उत्साह पर पाला-सा पड़ जाता है।

ज्ञानपीठके संस्थापकोंकी ओरसे पुरातत्त्व साहित्योद्धार और नवीन उपयुक्त सुरुचिपूर्ण साहित्यके निर्माण और प्रकाशनमें लाखों रुपये व्यय किये जा सकते हैं किन्तु वह लाखोंकी लागतका साहित्य पानीकी तरह मुफ्त बहा दिया जाय, इससे बढ़कर साहित्यका और रचयिताका अपमान और क्या हो सकता है? आज हमारी समाजमें इसीलिये गौरवयुक्त सुरुचिपूर्ण साहित्यका अभाव-सा है क्योंकि हमारे यहाँ ग्राहक उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। जिस साहित्यके जितने अधिक ग्राहक होंगे, वह उतना ही विकसित और सुलभ होगा।

ज्ञानपीठ-प्रकाशनके सम्बन्धमें कई विद्वानोंने सम्मति दी है कि पुस्तकोंका मूल्य लागतसे तिगुना रखा जाय, ताकि लेखकों, सम्पादकों, अनुवादकों और प्रूफ़ संशोधकोंको यथेष्ट पारिश्रमिक और पारितोषिक दिया जा

सके। और प्रकाशनके धरातलको ऊँचा किया जा सके। किन्तु अधिक महानुभावोंका संकेत ग्रन्थोंका मूल्य लागतसे भी कम रखनेकी ओर है। परन्तु ज्ञानपीठके संचालक न इसे व्यापारिक संस्था बनाना चाहते हैं, न इसे खैराती संस्थाका ही रूप देना चाहते हैं। वे इसे एक आदर्श और स्वावलम्बी संस्था बनानेकी अभिलाषा रखते हैं। ताकि ज्ञानपीठ अपने पाँवों पर खड़ी होकर उत्तमोत्तम साहित्यका सृजन और प्रकाशन कर सके। न वे लेखकों, सम्पादकोंके श्रमके शोषणके पक्षमें हैं, न वे इतना अधिक ही देना चाहते हैं कि वह ग्राहकोंका बोझा बन जाय।

अनुसन्धानात्मक साहित्यके मूल्यकी बाजारू सस्ते साहित्यसे तुलना करना मोतियों का गुंजाके साथ कीमत आँकना है। संस्कृत, प्राकृतके ग्रन्थोंका क प्रतियोंसे पाठान्तर फिर अनेक ग्रन्थोंसे टिप्पण सहित सम्पादन ५-६ वार प्रत्येक फार्मका प्रूफ संशोधन आदि सब ऐसे व्ययसाध्य कार्य हैं जिन्हें अनुसन्धानप्रेमी ही जान सकते हैं। इस तरहके खोज पूर्ण ग्रन्थ कई सहयोगी संस्थाओं द्वारा पृ० २४ मूल्य ६), पृ० १५० मू० २०), पृ० ६०० मूल्य ५) में बिक रहें हैं। उनका यह मूल्य कुछ अधिक नहीं है क्योंकि इनके प्रकाशनमें काफी श्रम और व्यय हुआ है।

ज्ञानपीठका प्रकाशन भी हम उत्तरोत्तर गौरवयुक्त बनानेके अभिलाषी हैं। जिस तरहका कलापूर्ण प्रकाशन हम करना चाहते हैं, वह हमारी अभिलाषा कई कारणोंसे पूरी नहीं हो पा रही है। परन्तु समय अनुकूल होते देर नहीं लगेगी और हम अवश्य अपनी आकांक्षाओंको पूर्ण होते देखेंगे।

सम्पादन और प्रकाशनमें यथेष्ट व्यय होने पर भी ग्रन्थोंका मूल्य सुलभ हो सकता है यदि पाठक मुफ्त न पढ़नेकी प्रतिज्ञा कर लें। यह मुफ्त पढ़नेकी मनोवृत्ति उत्कृष्ट साहित्यके लिए दीमक है। जिस साहित्यके ग्राहक जितने अल्प होंगे, वह उतना ही अधिक मँहगा होगा। गीता प्रेसका साहित्य इसीलिए इतना सस्ता है कि उसके ग्राहकोंकी संख्या बहुत अधिक है। प्रस्तुत पुस्तकका मूल्य १३ रुपयेकी बजाय लगभग चार रुपये हो सकता था, यदि यह ५०० न छपकर २००० छपी होती। परन्तु अपने समाजमें वह वर्ग जो ग्रन्थ खरीद कर पढ़ सकता है, उसके पास अवकाश नहीं और न उसे इस तरहके कार्योंकी ओर आकर्षण ही है। अधिकांश संस्थाएँ और महानुभाव भेंट स्वरूप चाहते हैं और साधारण पाठक इस तरहके साहित्यको समझ नहीं सकनेके कारण नहीं खरीद पाते, ऐसी स्थितिमें जिस ग्रन्थकी ५०० प्रतियाँ छपवा ली जाती है, तो वह भी १५ २० वर्षोंमें निकल पाती हैं, ऐसा पुराने साहित्य सेवियों का अनुभव है।

महत्त्वपूर्णउपयोगी ग्रन्थोंके उद्धार और सुलभ-प्रसारके लिये हमारी सम्मतिमें निम्न बातें आवश्यक हैं:—

(१) जैन मन्दिरों, सरस्वतीभण्डारों, पुस्तकालयोंमें आवश्यकीय उपयोगी ग्रन्थोंका अधिक से अधिक संग्रह खरीद कर किया जाय। प्रकाशन संस्थाओंसे मुफ्त लेकर भण्डार न भरे जाएँ।

(२) वे दानी महानुभाव जो चोर-लुटेरोंको प्रोत्साहन देनेके लिये मन्दिरोंमें सोने चांदीके बर्तन और धन देते हैं, व्रत, उद्यापन, विवाह आदिके अवसरों पर जैनेतर विद्वानों, जैनमन्दिरों एवं संस्थाओंको ग्रन्थ भेट करें।

(३) पाठक प्रतिज्ञा कर लें कि ग्रन्थ मुफ्त न माँगकर मोल लेकर ही पढ़ेंगे और यदि मोल लेनेकी सामर्थ्य न हुई तो स्थानीय मन्दिरों, पुस्तकालयोंके प्रबन्धकोंको प्रेरणा करके ग्रन्थ खरीदवाएँगे और वहाँसे लेकर पढ़ेंगे।

आश्चर्य है कि हम वीतराग भगवानके चारों ओर सोना-चांदी पुतवाते है, और चँवर-छतर लगाते हैं और दर्शन करते समय कुछ न कुछ अवश्य चढ़ाते हैं। किन्तु जिनवाणी माताको खाली हाथ माथा टेकनेमें ही कर्तव्यकी इतिश्री समझते हैं। काश, हम वीतरागको तो वीतराग ही रहने देते और वीतरागकी वाणीको इतना अलंकृत कर देते कि उसकी ज्योति से संसार जगमगा उठता। हम जैन वीतराग भगवान् के सामने लौंग, बादाम न चढ़ाकर सरस्वती भण्डार में एक-एक पैसा भी रोज चढ़ायें तो कमसे कम २००० रु० दैनिक जमा हो सकते हैं, जो ग्रन्थागारोंके स्थापन के लिये बहुत बड़ी निधि है।

डालमिया नगर (विहार)
१० अक्तूबर १९४७

अयोध्याप्रसाद गोयलीय
मंत्री

प्रस्तावना

जैनवाङ्मय पर एक दृष्टि—

यद्यपि जैन वाङ्मय बहुत विशाल है और यह प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, गुजराती, कन्नड एवं तमिल आदि कई भागों में विभक्त है। पर प्रस्तुत ग्रन्थ-तालिकामें प्रधानतः प्राकृत, संस्कृत तथा कन्नड इन तीन वाङ्मय के ग्रन्थ ही सम्मिलित हैं, इसलिये यहाँ पर सिर्फ इन्हीं वाङ्मयों पर दृष्टि डालना मेरा अभीष्ट है। अवकाशाभाव भी इसका अत्यन्त कारण है। विज्ञ पाठकोंको इतना अवश्य जान लेना होगा कि दक्षिण भारतकी भाषाओंमें तमिल तथा कन्नड प्रधान हैं और इन दोनों भाषाओं को साहित्यिक रूप देने वाले जैन (दिगम्बर) ही हैं। अस्तु, अब पाठकोंका ध्यान प्रस्तुत विषय पर आकर्षित करता हूँ।

प्राकृत वाङ्मय—यह भाषा सुप्राचीन कालमें यहाँके आर्योंकी बोल-चालकी भाषा थी। इसी भाषामें भगवान् महावीर एवं गौतमबुद्धने अपने पुनीत सिद्धान्तोंका उपदेश और प्रचार किया था। इसी भाषाको जैन और बौद्ध विद्वानोंने अपना कर विविध विषयक विपुल साहित्यको जन्म दिया। इसी भाषाके मौलिक साहित्यकी भित्ति पर संस्कृत भाषामें अनेक उत्तमोत्तम ग्रन्थोंका निर्माण हुआ। विद्वानोंकी राय है कि संस्कृतके नाटक-साहित्यमें संस्कृत-भिन्न जिस भाषाका प्रयोग हमें दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषासे हमारे भारतवर्षकी वर्तमान अन्यान्य आर्य-भाषाओंकी उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारतवर्षके कई प्रदेशोंमें भिन्न-भिन्न रूपमें बोली जाती हैं—इन सभी भाषाओंका सामान्य नाम प्राकृत है। क्योंकि ये सभी भारतीय भाषाएँ एकमात्र प्राकृतके भिन्न-भिन्न रूपांतर हैं, जो कि काल, देश आदि अन्यान्य कारणोंसे भिन्न-भिन्न रूपोंमें परिवर्तित हुए हैं। जैसे अर्धमागधी प्राकृत, पालि प्राकृत, पैशाची प्राकृत, सौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत और अपभ्रंश प्राकृत आदि।

सर ग्रियर्सनने वैदिक काल एवं उसके पूर्वकी सभी बोल-चालकी भाषाओंको प्राथमिक प्राकृत माना है। प्राकृत भाषा-समूहकी यही पहली श्रेणी है। इसका समय ई० पूर्व २००० से ई० पूर्व ६०० तक निर्दिष्ट है। प्रथम श्रेणीकी ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर एवं व्यंजनादिके उच्चारणमें तथा विभक्तियोंके प्रयोगमें वैदिक भाषाके ही समान थीं। इसीसे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल कहलाती हैं। वैदिक युगमें जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ बोल-चालके रूपमें प्रचलित थीं उनमें परवर्ति-कालमें अनेक परिवर्तन हुए। जैसे (१) ऋ, ॠ आदि स्वरोंका लोप होना (२) शब्दोंके अंतिम एवं संयुक्त व्यंजनों का रूपांतर होना, (३) विभक्ति और वचन समूहका लुप्त होना आदि। जब इन परिवर्तनोंसे उक्त कथ्य भाषाएँ अधिक मात्रामें रूपान्तरित हुईं तब द्वितीय श्रेणीकी प्राकृत भाषाओंका जन्म हुआ। इस श्रेणीकी ये प्राकृत भाषाएँ भगवान् महावीर और गौतम बुद्धके समय-से अर्थात् ई० पूर्व छठी शताब्दीसे लेकर ई० सन् ९ मी अथवा १० मी शताब्दी तक प्रचलित रहीं। श्री महावीर एव बुद्धके समयमें उपर्युक्त सभी प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ द्वितीय श्रेणीके आकारमें भिन्न भिन्न प्रदेशोंमें कथ्य भाषाके तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्त तथा उपदेशका प्रचार इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओंमेंसे एकमें किया था। बल्कि बुद्धने अपने शिष्योंको यही आदेश दिया था कि मेरा उपदेश संस्कृत-बद्ध न कर इस प्रचलित प्राकृत भाषामें ही करना। इसका मुख्य कारण यही मालूम होता है कि साधारणसे साधारण जनता भी उनके सिद्धान्तोंसे लाभ उठावें। वास्तवमें यह मार्ग है भी अधिक लाभकारी। इसका रहस्य जैन भी खूब जानते थे। इसीका परिणाम है कि वे भारतके भिन्न-प्रदेशोंमें जैसे-जैसे फैलते गये वैसे वैसे वहाँकी प्रान्तीय भाषाओंमें नये-नये साहित्योंका निर्माण करते गये। आर्य-भाषाओंको कौन कहे! तमिल, कन्नड जैसी द्राविड साहित्योंके भी जन्मदाता ये ही कहे जा सकते हैं। इन भाषाओंमें प्राचीन से प्राचीन व्याकरण, अलंकार, छन्द, काव्य एवं नीति

आदि साहित्यके मौलिक अंगोपांगकी रचना इन्हींकी उपलब्ध होती है। इसीसे इन प्रान्तोंमें जैन सिद्धान्तका प्रचार भी अधिक है। इन प्रान्तोंके जैनेतर विद्वान् भी जैन सिद्धान्तोंसे अच्छे परिचित हैं। वास्तवमें निष्पक्षपात विचारसे काम लिया जाय तो भाषा-सेवाकी दृष्टिसे जैनोंको प्रथम स्थान मिलना समुचित है।

अस्तु, इस तरह कथ्य प्राकृत भाषाओंका साहित्यिक भाषाओंमें परिणत होनेका सूत्रपात यहीं हुआ। इसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देशके मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषासे जैनोंकी अर्ध मागधी भाषा तथा पूर्व मगधमें प्रचलित लोकभाषासे बौद्ध धर्म ग्रन्थोंकी पालि भाषा उत्पन्न हुई। साथ ही साथ इसी द्वितीय श्रेणीकी प्राकृत भाषासे प्रायः पांचवीं शताब्दीके पूर्व, भिन्न-भिन्न प्रदेशोंकी अपभ्रंश भाषाओंका भी जन्म हुआ। द्वितीय श्रेणीकी भाषामें चतुर्थी विभक्तिका, सब विभक्तियोंके द्विवचनों और आख्यातकी अधिकांश विभक्तियोंका लोप होने पर भी विभक्तियोंका प्रयोग अधिक मात्रामें वर्तमान था। इसीसे प्रथम श्रेणीकी प्राकृत भाषाके समान इस श्रेणीकी प्राकृत भाषा भी विभक्ति-बहुल कहलाती है।

सर ग्रियर्सनका सिद्धान्त है कि आधुनिक भारतीय आर्य-भाषाओंकी उत्पत्ति द्वितीय श्रेणीकी प्राकृत भाषासे–खास कर उसके शेष भागमें प्रचलित अन्यान्य अपभ्रंश भाषाओंसे हुई है और ये ही आधुनिक भाषाएँ तृतीय श्रेणीकी प्राकृत भाषा हैं। इन भाषाओंकी उत्पत्तिका समय ई० सन् १० वीं शताब्दी माना गया है। इनम अधिकांश विभक्तियोंका लोप हुआ है और भाषाओंकी प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियोंके बोधक स्वतंत्र शब्दोंका व्यवहार हुआ है। इसीसे ये विश्लेषणशील भाषाएँ कही जाती हैं।

साधारणतया लोगोंकी यही धारणा है कि संस्कृत भाषासे ही द्वितीय श्रेणीकी सभी प्राकृत भाषाएं एवं आधुनिक भारतीय आर्य-भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। बल्कि कई प्राकृत वैयाकरणोंने भी इस मतको पुष्ट किया है। पर वास्तवमें ऐसा नहीं है। क्योंकि आठवीं शताब्दीके विद्वान् वाक्पतिराजने 'गउडवहो' नामक महाकाव्यमें एवं नवमी शताब्दीके विद्वान् कविवर राजशेखरने अपनी 'बालरामायण' में प्राकृत भाषा ही सर्व भाषाओंकी जननी है इस सिद्धान्तको डंकेकी चोटसे प्रमाणित कर दिया है।* बल्कि प्राचीन अन्यान्य जैन अंग ग्रन्थोंसे भी प्राकृत भाषाकी सर्वप्राचीनता सिद्ध हो जाती है। प्राकृत वैयाकरणोंके सिद्धान्तसे प्राकृत भाषाके शब्द तीन प्रकारके माने गये हैं–(१) तत्सम (२) तद्भव (३) देशज। जो शब्द संस्कृत एवं प्राकृतमें एकरूप हैं वे तत्सम या संस्कृत-सम कहलाते हैं। जैसे आगम, उत्तम, एरण्ड, किंकर, छल, तिमिर, दल, धवल आदि। जो शब्द संस्कृतसे वर्ण-लोप, वर्णागम या वर्णपरिवर्तनके द्वारा उत्पन्न हुए हैं, उन्हें तद्भव अथवा संस्कृतभव कहते हैं। जैसे–आर्य = आरिअ, इष्ट = इट्ठ, उद्गम = उग्गम, गज = गअ, धर्म = धम्म, ध्यान = ज्झाण, नाथ = णाह, मेघ = मेह आदि। जिन शब्दोंका संस्कृतके साथ कोई सादृश्य या संपर्क नहीं हैं उनको देशज कहते हैं। जैसे–जच्च (पुरुष) डाल (शाखा) तोमरी (लता) दाणि (शुल्क) भुण्ड (शूकर) लंच (कुक्कुट) रत्ति (आज्ञा) धयण (गृह) आदि। अपने साहित्यदर्पणके अलंकारप्रकरणमें विश्वनाथ कविने भाषासम अलंकारका यह–

"मंजुलमणिमंजीरे कलगम्भीरे विहारसरसीतीरे। विरसासि केलिकीरे किमालि धीरे च गंधसारसमीरे।।"

जो उदाहरण दिया है, वह तत्समके लिये एक सुन्दर निदर्शन है। प्राकृत वैयाकरणोंका अभिप्राय है कि उपर्युक्त तत्सम शब्द संस्कृतसे ही सर्वदेशीय प्राकृतमें आ मिले है। दूसरे प्रकारके तद्भव शब्द संस्कृतसे उत्पन्न होने पर भी क्रमशः भिन्न-भिन्न देशमें भिन्न-भिन्न रूपको प्राप्त हुए हैं। अब रहा तीसरा देशज शब्द। ये वैदिक या लौकिक संस्कृतसे उत्पन्न न होकर भिन्न-भिन्न देशोंमें प्रचलित देशी भाषाओंसे लिये गये हैं।

द्वितीय श्रेणीकी जिन प्राकृत भाषाओंने साहित्य एवं शिलालेखोंमें स्थान पाया है, उन प्राकृत भाषाओंके प्रधान भेद निम्नलिखित तीन मुख्य कालविभागोंमें बाँटे जा सकते हैं—

(१) प्रथम युग–ई० पूर्व ४०० से ई० सन् १०० तक, (२) मध्य युग–१०० से ५०० तक, (३) शेष युग ई० सन् ५०० से १००० तक। श्वेताम्बर जैन अंग ग्रन्थोंकी अर्धमागधी एवं इनसे भिन्न प्राचीन सूत्र तथा

* देखें–'भास्कर' भाग ३ किरण ३ पृष्ठ ११४।

'पउम चरिउ' आदि ग्रन्थोंकी जैन महाराष्ट्री भाषा प्रथम युगमें, दिगम्बर जैन गन्थोंकी सौरसेनी और परवर्त्ती कालके श्वेताम्बर ग्रन्थोंकी जैन महाराष्ट्री भाषा मध्य युगमें, भिन्न-भिन्न प्रदेशोंकी परवर्तिकालीन अपभ्रंश भाषाएँ शेष युगमें ली गयी हैं। प्राकृतके निम्न-लिखित दस भेद माने गये हैं।

(१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिका-पैशाची (४) अर्ध- मागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोकलिपि (७) सौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश। इनमेंसे प्रत्येकका परिचय देनेसे इसका कलेवर बढ़ जायगा। इसलिये यहाँ पर जैन वाङ्मयसे सम्बन्ध रखनेवाली अर्धमागधी, जैन महाराष्ट्री, जैन सौरसेनी एवं अपभ्रंश भाषाओंका ही संक्षिप्त परिचय दिया जाता है।

(१) अर्धमागधी–दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनोंका सिद्धान्त है कि भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषामें ही देते रहे और उनका यह उपदेश दीर्घकाल तक शिष्यपरम्परासे कण्ठपाठ-द्वारा ही संरक्षित रहा। भगवान् महावीरके निर्वाणसे लगभग दो सौ वर्षके बाद सम्राट् चन्द्रगुप्तके शासनकालमें मगध देशमें बारह वर्षोंका भीषण दुर्भिक्ष पड़ा था। उस समय भद्रबाहु स्वामीके नेतृत्वमें एक महान् जैन मुनिसंघको अपने चारित्रकी रक्षाके लिये ही बहु दूरवर्ती दक्षिण देशमें आना पड़ा। क्योंकि इस दुर्वह मुनिचारित्रकी रक्षाके लिये यह दक्षिण देश बहुत उपयुक्त रहा है। उधरका अवशिष्ट मुनिसंघ उस भीषण दुर्भिक्ष कालमें सूत्र-ग्रन्थोंका परिशीलन भलीभाँति न कर सकनेके कारण उन सूत्रोंको भूलसा गया था। इसके फलस्वरूप उक्त दुर्भिक्षके बाद पाटलीपुत्र (पटना) में मगध-प्रदेशस्थ इस अवशिष्ट मुनि-संघने एकत्रित होकर जिस जिस साधुको जिस जिस अंग ग्रन्थका जो जो अंश जिस जिस रूपमें याद रह गया था उस उस साधुसे उस उस अंग ग्रन्थके उस उस अंशको उस उस रूपमें प्राप्त कर ग्यारह अंगोंका संकलन किया। पर श्वेतांबर ग्रन्थोंके कथनानुसार ही ये अंग ग्रन्थ महावीर-निर्वाणके बाद ९८०, ई० सन् ४५४ में वल्लभी (वर्तमान काठियावाड) में श्री देवर्द्धिगणि क्षमा-श्रमण के द्वारा वर्तमान आकारमें लिपिबद्ध हुए थे। एक बात यह है कि उपर्युक्त पाटलीपुत्रके संघने जिन ग्यारह अंगोंका संकलन किया था उन अंगोंको अपूर्ण एवं विकृत मान कर दक्षिण-प्रवासी मुनिसंघने स्वीकार नहीं किया। पर साथ ही साथ उस संघने स्वयं भी उन पूर्व अंग ग्रन्थोंका संकलन करनेकी चेष्टा भी नहीं की। इसका परिणाम यह हुआ कि उस संघको इन अंग ग्रंथोंसे सदाके लिये हाथ धो बैठना पड़ा। कुछ विद्वानोंका अनुमान है कि उत्तरका मुनिसंघ जब अंगगत अचेलक आदि शब्दोंका अर्थ दुर्भिक्षके उपरांत 'ईषच्चेलक' (थोड़ा कपड़ा) आदि करने लगा तब अपने मूल सिद्धान्तमें धक्का पहुँचता देख कर दक्षिणका मुनिसंघ संकलित उन ग्रन्थोंको स्वीकार करनेको सहमत नहीं हुआ। अगर वास्तवमें यह बात सच्ची है तो मानना पड़ेगा कि उस दक्षिणके मुनिसंघने भारी भूल की। बल्कि बचे-खुचे अपने उन ग्रन्थोंको सर्वथा परित्याग न कर अपने मूल सिद्धान्तके अनुकूल ही वह उसकी व्याख्या करता। आप हिन्दुओंके सर्व प्राचीन एवं पवित्र ग्रन्थ वेद को ही लीजिये। सुप्राचीन कालसे आज तक इसकी अनेक टीकाएँ लिखी गयीं। साथही साथ इन टीकाओंमें मतभेदकी भी कमी नहीं है; फिर भी मौलिक अर्थ को मानने वाली हिंदू जातिने मतभेदसे घबड़ा कर वेदका परित्याग नहीं किया। अस्तु, यहाँ पर प्रायः यह स्पष्ट करनेकी जरूरत नहीं ह कि दक्षिणका वही संघ पीछे दिगम्बरके नामसे और उत्तरका संघ श्वेताम्बरके नामसे प्रसिद्ध हुए।

प्रो० जैकोबी आदि विद्वानोंके मतसे श्वेतांबर सूत्रग्रन्थोंमें महाराष्ट्री प्राकृतका गहरा प्रभाव पड़ा है। अर्धमागधी और आर्ष प्राकृत वास्तवमें एक ही चीज है। जैकोबी प्रभृति कुछ पंडितोंने इन्हें जो भिन्न-भिन्न मान लिया है, यह उनका भ्रममात्र है। साथ ही साथ यह भी जान लेना आवश्यक है कि अर्धमागधी, महाराष्ट्री प्राकृतसे पृथक् एवं प्राचीन है। प्रो० जैकोबीने प्राचीन जैन सूत्रोंकी भाषाको प्राचीन महाराष्ट्री कह कर जो इसका जन महाराष्ट्री नाम दिया है–इनके इस सिद्धान्तका डॉ० पिश्चेल (Pischel) ने अपने प्राकृत व्याकरणमें सयुक्तिक खण्डन किया है। नाटकीय अर्धमागधी और जैन सूत्रोंकी अर्धमागधी एक नहीं है। मार्कण्डेय आदि प्राकृत वैया-करणोंने अर्धमागधीका जो लक्षण दिया है वह नाटकीय अर्धमागधीका है न कि जैन सूत्रोंकी अर्धमागधीका। अर्ध-

---

१ देखें–'स्थविरावली–चरित,' सर्ग ६।

मागधीका मूल उत्पत्तिस्थान ऊपर पश्चिम मगध और सूरसेन देशका मध्यवर्ती प्रदेश बतलाया जा चुका है। परन्तु जैन अर्धमागधीमें मागधी एवं सौरसेनी भाषाके विशेष लक्षण नहीं पाये जाते हैं। प्रो० जैकोबी आदि विद्वानों के कथनानुसार महाराष्ट्रीके साथ ही इसका अधिक सादृश्य दृष्टिगोचर होता है। इसीसे कोई कोई इसके उत्पत्ति-स्थानके संबंधमें शंका उपस्थित करते हैं। प्रो० जैकोबी जैन सूत्रोंकी भाषा और मथुराके शिलालेखों (ई० सन् ८३ से १७६) की भाषासे यह अनुमान करते हैं। जैन अंग ग्रन्थोंकी अर्धमागधीका काल चतुर्थ शताब्दीका शेष भाग अथवा तृतीय शताब्दीका प्रथम भाग है।

(२) जैन महाराष्ट्री–जैन सूत्र ग्रंथोंके अतिरिक्त श्वेतांबर जैन विद्वानोंके द्वारा प्रणीत अन्य ग्रंथोंकी प्राकृत भाषाको जैन महाराष्ट्री नाम दिया गया है। इस भाषामें महापुरुषोंकी जीवनी (चरित्र), दर्शन, ज्योतिष, भूगोल, काव्य एवं स्तोत्र आदि विषयोंका विशाल साहित्य भरा पड़ा है। प्राचीन प्राकृत वैयाकरणोंने जैन महाराष्ट्रीके नामसे किसी भिन्न भाषाका निर्देश नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानोंने काव्य, नाटकादि ग्रंथोंमें महाराष्ट्रीका जो रूप मिलता है, उससे श्वेताम्बर ग्रंथोंकी भाषामें पर्याप्त पार्थक्य देखकर इसे जैन महाराष्ट्री नाम दिया है। इसमें प्राकृत व्याकरणमें प्रतिपादित महाराष्ट्रीका लक्षण विशेष रूपसे समन्वित होते हुए भी जैन अर्धमागधीका बहुत कुछ प्रभाव देखा जाता है। पयन्ना ग्रंथ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिउ, उपदेशमाला, कई भाष्यग्रंथ, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, प्रवचनसारोद्धार, उपदेशरहस्य और भाषारहस्य आदि इसी जैन महाराष्ट्रीके कुछ उदाहरणभत हैं

(३) जैन सौरसेनी–डॉ० पिश्चेलके मतसे दिगंबर जैनोंके प्रवचनसार, कार्तिकेयानुप्रेक्षा आदि ग्रंथोंकी भाषा जैन सौरसेनी है। इस बातको कुछ जर्मन विद्वान् नहीं मानते। परन्तु साथ ही साथ इस विषयमें उन लोगोंने जो कुछ अनुसंधान किया है, उसका परिणाम आज तक कुछ भी नहीं निकला। अब तो इसका फलितांश भविष्यके गर्भमें ही समझना चाहिये। अतः जब तक इस डॉ० पिश्चेलके मतके विरुद्ध कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिलते हैं, तब तक इन्हींके मतको मानना समुचित होगा। यह जैन सौरसेनी अर्धमागधी और प्राकृत व्याकरणोंमें निर्दिष्ट सौरसेनीके मिश्रणसे बनी हुई है। जैन सौरसेनी जैन महाराष्ट्रीकी अपेक्षा अर्धमागधीसे अत्यधिक निकटता रखती है। दोनोंकी प्रकृति (मूल) एक होना ही उसका प्रधान कारण है। राजाराम कॉलेज कोल्हापुरके अर्धमागधीके प्रोफेसर मित्रवर ए० एन० उपाध्येने 'रायचंद्र जैन शास्त्रमाला' बंबई द्वारा प्रकाशित 'प्रवचनसार' की गवेषणापूर्ण अपनी भूमिकामें सहेतुक प्रकट किया है कि प्रवचनसार-जैसे पुरातन और सौरसनी भाषाके ग्रंथ जो कि देशी शब्दोंसे रहित है उन प्रचलित श्वेताम्बरीय आगम ग्रंथोंसे प्राचीन है। क्योंकि आगम ग्रंथोंमें तो देशी शब्दोंका विपुल मिश्रण पाया जाता है। उपाध्येजीने अपनी भूमिकामें प्राकृत भाषाकी आलोचनाके साथ साथ एक भाषा पर दूसरी भाषाके प्रभाव आदि विषयको बड़ी ही पाण्डित्यपूर्ण युक्तियोंसे व्यक्त किया है। इस विषयके विशेष जिज्ञासु उपाध्येजी द्वारा लिखी 'प्रवचनसार'की भूमिका एक बार अवश्य पढ़ें।

श्वेताम्बरोंकी तरह दिगम्बरोंपर दीर्घकाल तक महाराष्ट्रीका प्रभाव नहीं पड़ा। इसका प्रधान कारण यह है कि दिगम्बर सौरसेनीके कट्टर पक्षपाती थे और उसी सौरसेनी व्याकरणसे ही वे सहायता लेते थे। दिगंबरोंमें पुष्पदंत, भूतबलि, वट्टकेर, कुंदकुंद और शिवार्य आदि इस भाषाके आदिम ग्रंथ-रचयिता थे। इन उद्भट दिगंबराचार्योंके द्वारा प्रणीत अष्टपाहुड, रयणसार, षट्पाहुड, बारस-अणुवेक्खा, नियमसार, पंचास्तिकाय, प्रवचनसार, समयसार, भगवती आराधना, मूलाचार और कार्तिकेयानुप्रेक्षा आदि कृतियाँ इस भाषाके समुज्ज्वल रत्न हैं। कुछ जर्मन विद्वानोंकी राय है कि षट्पाहुड और कार्तिकेयानुप्रेक्षामें अपभ्रंश शब्द अधिक मात्रामें पाये जाते हैं। पर ए० एन० उपाध्येजीका कहना है कि यह कथन षट्पाहुडके लिये ही लागू हो सकता है। खैर, पीछे दिगम्बर जैन ग्रंथकर्त्ता जब संस्कृतका आश्रय लेने लगे तब सौरसेनीका संस्कृत पर अधिक प्रभाव पड़ने लगा। श्री समन्तभद्र, पूज्यपाद, अनन्तवीर्य एवं अकलंक आदि आचार्योंने संस्कृतमें ही ग्रंथप्रणयन किया है। इसीसे अर्धमागधीसे संबंध विच्छिन्नसा होकर सौरसेनी पर संस्कृतका प्रभाव पड़ा। श्वेताम्बरों पर संस्कृतका प्रभाव बहुत पीछे पड़ा। हाँ, उनके साहित्यमें इसके विपरीत संस्कृत भाषापर प्राकृतका ही प्रभाव दृष्टि-गोचर होता है।

(४) अपभ्रंश—पतञ्जलि प्रभृति संस्कृत वैयाकरणोंके मतमें संस्कृत भिन्न समस्त प्राकृत भाषाएँ अपभ्रंशके अन्तर्गत हैं। किन्तु प्राकृत वैयाकरणोंके मतमें अपभ्रंश प्राकृतका ही एक अवान्तर भेद है। इस भाषामें भी जैनोंका विपुल साहित्य भरा पड़ा है। भविष्यदत्तकथा, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमार चरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित, करकण्डुचरित, दर्शनसार, योगसार, श्रुतपञ्चमी कथा, सावयधम्म-दोहा, पाहुड दोहा, एवं षट्कर्मोपदेश आदि रचनाएँ इस अपभ्रंश भाषाके आदर्श-भूत निदर्शन हैं। इनमेंसे कई ग्रन्थ प्रकाशित भी हो चुके हैं। यह बात निर्विवाद सिद्ध हो चुकी है कि इसी अपभ्रंश भाषासे हिन्दीका अवतरण हुआ है। इस दृष्टिसे इस भाषाका स्थान बहुत उच्च है। क्योंकि इसीसे प्रादुर्भूत यह हिन्दी भाषा आज राष्ट्रभाषा होने जा रही है।

डॉ० होर्नलिके मतमें आर्योंकी कथ्य भाषाएँ भारतवर्षके आदिम निवासी अनार्य लोगोंकी अन्यान्य भाषाओंके प्रभावसे जिन विकारोंको प्राप्त हुईं थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्रीकी अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। पर उस मतको डॉ० ग्रियर्सन आदि आधुनिक भाषाशास्त्री स्वीकार नहीं करते। सर ग्रियर्सनके मतमें भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य एवं व्याकरणमें नियन्त्रित होकर जनसाधारणमें अप्रचलित होनेके कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओंकी उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। चण्डके प्राकृत व्याकरण तथा कालिदासके 'विक्रमोर्वशीय'के निदर्शनोंसे यह बात स्पष्ट सिद्ध हो जाती है कि ई० सन् पांचवीं शताब्दीके पहलेसे ही ये साहित्यमें स्थान पाने लग गयी थीं। अतः इससे बहुत पूर्वकालसे भारतमें कथ्य भाषाओंके रूपमें अपभ्रंश भाषाओंका व्यवहृत होना स्वाभाविक है। ये अपभ्रंश भाषाएँ लगभग दशवीं शताब्दी तक साहित्यिक भाषाएँ रहीं। फिर पीछे इन्हींसे हिन्दी, बङ्गला, गुजराती एवं मराठी आदि आधुनिक आर्यभाषाएँ उत्पन्न हुईं। प्राकृत वैयाकरणोंके मतमें अपभ्रंशके अनेक भेद माने गये हैं और वास्तवमें यह है भी ठीक। इस भाषाके उत्पत्ति-स्थान भी भिन्न भिन्न माने गये हैं। ई० सन् पांचवीं शताब्दीके पूर्वसे लेकर दशवीं शताब्दी तक भारतके भिन्न-भिन्न प्रदेशोंमें बोलचालके रूपमें प्रचलित जिस-जिस अपभ्रंश भाषासे भिन्न-भिन्न प्रदेशोंको जो जो आधुनिक आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं उनका विवरण निम्न प्रकार है—

महाराष्ट्री अपभ्रंशसे मराठी और कोंकणी भाषाएं, मागधी अपभ्रंशकी पूर्वशाखासे बङ्गला, उड़िया और आसामी भाषाएँ, अर्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएं, सौरसेनी अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, व्रजभाषा, हिन्दी या उर्दू ये पश्चिम हिन्दी भाषाएँ, नागर अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवीय, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी एवं गुजराती भाषाएँ, पालिसे सिंहली और मालदीवन भाषाएँ; टाक्की अपभ्रंश से पश्चिमी एवं पूर्वी पञ्जाबी भाषाएँ; व्राचड अपभ्रंशसे सिन्धी भाषा और पैशाची अपभ्रंशसे काश्मीरी भाषा उत्पन्न हुई। ऊपर कहा जा चुका है कि जैन एवं बौद्धोंने संस्कृत भाषाको महत्त्व न देकर उस समयकी कथ्य भाषामें ही अपने पवित्र धर्मोपदेशको लिपिबद्ध करनेकी प्रथा प्रचलित की। इससे जैनसूत्रोंकी अर्धमागधी एवं बौद्धधर्म ग्रन्थोंकी पालि इन साहित्यिक भाषाओंका जन्म हुआ। किन्तु ये दोनों साहित्यिक भाषाएँ अन्यान्य प्राकृत भाषाओंके साथ संस्कृतके प्रभावको उल्लंघन नही कर सकीं। इसका यही एक प्रबल प्रमाण है कि इन समस्त प्राकृत भाषाओंमें संस्कृतके अनेक शब्द अविकल रूपमें गृहीत हुए हैं, जो कि तत्सम कहलाते हैं। यद्यपि पूर्व कथनानुसार ये तत्सम शब्द प्रथम श्रेणीकी प्राकृत भाषासे ही लिये गये हैं। फिर भी यह स्वीकार करना ही होगा कि परवर्तिकालकी प्राकृत भाषाओंमें संस्कृत भाषासे ही ये शब्द आ मिले हैं। बल्कि ललित-विस्तर, सद्धर्मपुण्डरीक एवं चन्द्रप्रदीप सूत्र आदि बौद्ध ग्रन्थोंमें तो संस्कृत शब्दोंकी भरमार है। इनमें अनेक प्राकृत शब्दोंके आगे भी संस्कृतकी विभक्ति लगाकर उन्हें भी संस्कृत बना डाला गया है। हाँ, यहाँ पर यह भी याद रखना होगा कि संस्कृत पर भी प्राकृतका प्रभाव कम नहीं पड़ा है। उसके लिये मैंने ऊपर कुछ श्वेताम्बर ग्रन्थोंका नाम-निर्देश किया है। यह बात है भी ठीक; क्योंकि संस्कृतकी जननी जब प्राकृत है—यह अपनी अङ्गपुष्टिके लिये अपनी माताकी उपेक्षा कर किस भाषाके दरवाजेको खट-खटाती फिरें? प्रत्येक कथ्य भाषा सदैव परिवर्तनशील होती है। साहित्यिक और व्याकरण नियमके बन्धनोंसे तो जकड़कर वे गतिहीन (पंगु) एवं कूटस्थ बन जाती हैं। इसका नतीजा यह होता है कि क्रमशः यह कथ्य भाषासे

अलग होकर जन-साधारणमें अप्रचलित होती हुई मृतभाषामें परिणत हो जाती है। प्रत्यक साहित्यिक भाषा किसी कथ्य भाषासे ही उत्पन्न होती है और जब वह मृतभाषामें परिणत होती है तब उससे एक नई साहित्यिक भाषाकी सृष्टि होती है, इसी अविचल नियमानुसार एक समयकी कथ्य भाषासे ही वैदिक एवं संस्कृत भाषाका जन्म हुआ। जब वह सर्वसाधारणके लिये दुर्बोध हुई तब अर्धमागधी, पालि आदिने साहित्यमें स्थान पाया। ये समस्त प्राकृत भाषाएँ भी समय पाकर जब सर्वसाधारणके लिये दुर्बोध हुईं तब संस्कृतकी तरह मृतभाषामें परिणत होकर भिन्न-भिन्न प्रदेशोंकी अपभ्रंश भाषाएँ साहित्यिक भाषाओंके रूपमें व्यवहृत होने लगी। अपभ्रंश भाषाएँ भी जब सर्वसाधारणके लिये कष्ट-बोध्य होकर मृतभाषाके रूपमें परिणत हुई तब हिन्दी, बङ्गला, गुजराती और मराठी आदि आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्यिक भाषाओंके रूपमें प्रचलित हुईं। प्रत्येक भाषाका प्रधान लक्ष्य होता है अर्थप्रकाश। इसलिये जिसके द्वारा स्पष्ट एवं अल्प प्रयत्नसे अर्थबोध होता है वही उत्कृष्ट मानी जाती है और ये ही भाषा-परिवर्तनके दो मुख्य कारण हैं।

संस्कृत वाङ्मय—संस्कृत शब्दके प्रयोगसे ही यह बात स्वयं विदित हो जाती है कि बहुत पहले हमारे भारतवर्षमें एक प्रकारकी भाषा प्रचलित थी और वही पीछे संस्कारको प्राप्त होकर संस्कृत भाषाके रूपमें प्रतिफलित हुई। सुप्राचीन युगमें म्लेच्छ भाषाओंके सम्मिश्रणसे अपनी भाषाओंको विशुद्ध रूपमें सुरक्षित रखनेके लिये आर्योंने सफल प्रयत्न किया था। फलस्वरूप वर्तमान संस्कृत भाषाका जन्म हुआ। ऋक् मन्त्रके पहले संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएँ किस रूपमें थीं, इस बातको जाननेके लिये हम लोगोंके पास कोई साधन नहीं है। ऋक् मन्त्रके प्रकाशनकालसे वैदिक संस्कृतका निदर्शन हमें मिलता है सही। किन्तु उस समयकी प्राकृत भाषाको जाननेके लिये कुछ भी सामग्री उपलब्ध नहीं दीखती। वैदिक युगके नष्ट होनेके बाद लौकिक संस्कृत भाषा प्रचारमें आई। विद्वानोंकी राय है कि वैदिक युगको वह सुप्राचीन भाषा संस्कृतके नामसे प्रचलित नहीं थी। वाल्मीकिकालसे ही सर्वप्रथम संस्कृत भाषाका प्रयोग और वैदिक एवं संस्कृत लौकिक भाषाओंका पार्थक्य ज्ञात होता है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि पाणिनिके पहले भी लौकिक सस्कृत भाषाके कई व्याकरण रचे गये थे। क्योंकि व्याकरणशास्त्रके अध्ययनके बिना संस्कृत भाषामें निष्णात होना असम्भव है।

पूर्वोक्त कथनसे यह बात सिद्ध हो जाती है कि दो प्रकारकी संस्कृत भाषाएँ देखनेमें आती हैं—एक वैदिक, दूसरी लौकिक। ऋक्, यजु, साम और अथर्व ये चार वेद, ब्राह्मण ग्रन्थ एवं उपनिषद् वैदिक संस्कृत भाषामें हैं। परवर्तिकालके सूत्रग्रन्थ, संहिताग्रन्थ, इतिहास, पुराण, काव्य आदि लौकिक संस्कृतमें रचे गये हैं। लौकिक संस्कृत साहित्यमें व्याकरणका बन्धन अधिक सुदृढ़ है। परन्तु वैदिक भाषा व्याकरणके नियमोंसे उतनी आबद्ध नहीं है। विद्वानोंका कथन है कि लौकिक संस्कृत भाषाकी उन्नतिके साथ ही साथ वैदिक शब्दोंकी विभक्तियोंमें अधिक परिवर्तन हुए। लौकिक संस्कृतमें अनेक वैदिक शब्दोंके प्रयोगका सर्वथा अभाव है। विभक्तियाँ भी विशेष रूपान्तरको प्राप्त हुई हैं। शब्दोंमें से भी अनेक शब्द भिन्न-भिन्न अर्थोंमें प्रयुक्त हैं। इस परिवर्तनसे वैदिक संस्कृत एवं लौकिक संस्कृतमें विशाल परिवर्तन हुआ। फलस्वरूप संस्कृतमें विशेष पाण्डित्य प्राप्त करने पर भी वैदिक संस्कृत एक प्रकारसे अबोध्य रह जाती है। अर्थात् लौकिक संस्कृतके मर्मज्ञ भी वैदिक संस्कृतके अर्थोंको नहीं लगा सकते हैं। पारदर्शिक शिक्षक एवं भाष्यकी सहायताके बिना वैदिक शब्दोंका अर्थ जानना सुलभ नहीं। साथ ही विद्वानोंका यह भी कहना है कि वैदिक संस्कृतमें अपशब्दोंका सम्मिश्रण बहुत रहा। संस्कृत शब्दोंकी संख्या भी अधिक थी। इसीलिये परवर्ति-वैयाकरणोंने व्याकरण सम्बन्धी अनेक नियमोंसे भाषाको सुन्दर एवं पूर्णांग बनानेके लिये बहुतसे शब्दोंको कम कर दिया। उस युगमें स्त्रियाँ, विदूषक और नौकर आदि प्राकृत भाषा ही बोलते थे। यह बात प्राक्कालीन कवियोंके नाटकोंसे स्पष्ट हो जाती है। इसका सारांश यह निकला कि अशिक्षितवर्ग संस्कृत नहीं बोलता था; या यों कहिए कि संस्कृत भाषा शिक्षितोंकी ही भाषा थी। उस जमानेमें साधारण जनता भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषा बोलती थी। इसीसे प्राकृतमें अनेक भेद दृष्टिगत होते हैं।

भारतवर्षके अनेक स्थानोंमें पालि भाषा भी प्रचलित थी, बल्कि बुद्ध और महावीरके बहुत पहले ही परिपुष्ट इस पालि भाषाने यहाँके कई स्थानोंमें मातृभाषाका रूप धारण कर लिया था। यह भाषा भी एक प्रकार

की प्राकृत ही है। गौतमके समयमें भी इस भाषाका प्रचार काफी रहा। उन्होंने तथा उनके शिष्योंने मातृभाषाके रूपमें प्रचलित इसी पालि भाषामें ही उपदेश दिया था। इस अपेक्षासे हम कह सकते हैं कि बौद्ध-कालमें संस्कृत भाषाका गौरव कुछ कम हो गया था। अशोकने भी संस्कृत भाषाको छोड़ मातृभाषामें ही अपने अनुशासनोंको लिपिबद्ध करनेकी आज्ञा दी थी, जो आज विभिन्न स्थानोंमें उपलब्ध हो रहे हैं। भारतके भिन्न-भिन्न स्थानोंमें प्राप्त होनेवाले इन अनुशासनोंसे भी स्थान-भेदसे प्राकृत भाषाकी भिन्नता व्यक्त हो जाती है।

विद्वानोंकी ऐसी राय है कि शाक्यसिंहके पहले इस देशमें संस्कृत भाषाका यथेष्ट प्रचार था। जनता अधिक संख्यामें संस्कृत भाषा बोलती और लिखती थीं। पत्र-व्यवहार आदि सभी कार्य संस्कृत भाषामें ही होते थे। शाक्यसिंहके आविर्भावके बाद भी भारतमें संस्कृत भाषाका प्रचार सर्वथा कम नहीं हुआ। बल्कि बादके बौद्धाचार्योंने संस्कृत व्याकरण, कोश आदि ग्रंथोंको रच कर तन्मूलक संस्कृत भाषाके सम्मानकी रक्षा की। बौद्ध युगम भी राजकीय कागज, शिलालेख आदि संस्कृत भाषामें ही लिखे जाते थे। बौद्ध अपने दर्शनके प्रचारके लिये एवं अन्य दर्शनोंके खण्डनके लिये संस्कृत अवश्य सीखते थे। यहाँ तक संस्कृत साहित्यके इतिहासका परिचय हुआ।

अब मैं पाठकोंका ध्यान प्रकृत विषयको ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। आज तकके उपलब्ध जैन ग्रंथोंमें श्री कुंदकुंदाचार्यके ग्रन्थ ही सर्व-प्राचीन हैं। ऐतिहासिक विद्वानोंका मत हैं कि उक्त आचार्य विक्रमीय प्रथम शताब्दीके हैं। इसके पूर्व अर्थात् ऋषभ तीर्थंकरसे लेकर भद्रबाहु आदि श्रुतज्ञानियोंके काल तक जैनागम गुरुपरंपरासे कण्ठस्थ ही रक्षित था और पीछे भूतबलि और पुष्पदंतने कालदोषसे नष्टावशेष उस आगमको लिपि-बद्ध करनेका मार्ग दिखलाया–यों दिगम्बरीय श्रुतावतार आदि ग्रन्थोंका कहना है। पूर्वोक्त कुंदकुंदाचार्यकी सभी कृतियाँ प्राकृत भाषामें हैं। इस लिये प्रथम शताब्दीके इन्हीं कुंदकुंदाचार्यके शिष्य श्री उमास्वातिको ही जैन संस्कृत साहित्यका आदि कवि मानना पड़ेगा। इनके बाद क्रमशः समंतभद्र और सिद्धसेन आदि सैकड़ों उद्भट जैन आचार्योंने जन्म लेकर अपने पवित्र ज्ञानके बलसे संस्कृत साहित्यकी यथेष्ट सेवा की। जैन साहित्य प्रारंभमें केवल धार्मिक रूपको ही धारण किए हुए था। किन्तु पीछे उसने अन्यान्य विभागोंमें भी काफी उन्नति की। न्याय और अध्यात्म विषयमें यह वाङमय अधिक उच्च विकास तथा क्रमको प्राप्त है। प्रथम शताब्दीके श्रीउमा-स्वाति, दशम शताब्दीके श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त-चक्रवर्ती, उसी शताब्दीके श्री अमृतचन्द्रसूरि, ग्यारहवीं शताब्दीके श्री शुभचन्द्राचार्य जैसे सिद्धांतविशारद; तृतीय–चतुर्थ शताब्दीके श्री समन्तभद्र, लगभग इसी समयके श्री सिद्ध-सेन, आठवीं शताब्दीके श्री भट्टाकलंक और हरिभद्र, नवमीं शताब्दीके श्री विद्यानन्द, ग्यारहवीं शताब्दीके अभयदेव तथा प्रभाचन्द्र, सत्रहवीं शताब्दीके यशोविजय, जैसे नैयायिक; आठवीं शताब्दीके श्री जिनसेन, नवमीं शताब्दीके श्री गुणभद्र जैसे पुराणलेखक इस भारतभमिमें बहुत कम होंगे। जैन नैयायिकोंमें से अनेकोंने न्याय ग्रंथोंकी टीका भी रची है। श्री सतीशचन्द्र विद्याभूषणके शब्दोंमें मध्य युगमें जैन साहित्यनें बहुमूल्य काम किया है। इस कालमें न्यायदर्शनके नामसे जितने ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं वे सभी जैन और बौद्धोंके परिश्रमके फलस्वरूप हैं। आधुनिक प्रणा-लीको लेकर चौदहवीं शताब्दीमें गङ्गेश उपाध्यायके द्वारा प्रकाशमें आए हुए नव्यन्याय नामक ब्राह्मणोंके न्याय ग्रंथ जैन और बौद्धोंको मध्यकालीन न्यायकी नींवसे ही निकले हुए हैं।

व्याकरण एवं कोशरचनाके विभागमें भी श्री शाकटायन, पूज्यपाद, वर्धमान, हेमचन्द्र, धनञ्जय और श्रीधर आदि आचार्य अधिक प्रसिद्ध हैं। गणितशास्त्रमें तो नवमीं शताब्दीके श्री महावीराचार्यका 'गणितसार' विशेष उल्लेखनीय है। कोलंबीय (Ceylon) विश्वविद्यालयके गणिताध्यापक डेविड यूजन स्मिथ (David Eugene Smith) ने लिखा है कि भारतवर्षके संपूर्ण गणित साहित्यमें यह ग्रंथ अधिक पांडित्य-पूर्ण है। इससे पाठक भली भाँति समझ सकते हैं कि जैन संस्कृत साहित्य कितना विपुल, विस्तीर्ण एवं समर्थ है। इसमें प्रत्येक विषयके यथेष्ट ग्रंथ रचे गये हैं। जैन ग्रंथोंकी विषय प्रतिपादनशैली आदर्शको लिए हुए हैं। इसीसे भिन्न-भिन्न विषयोंमें रचे गये ग्रंथोंको देखकर पाश्चात्य या पूर्वीय बहुतेरे मान्य विद्वान् इसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं। जैन वाङमयके सम्पूर्ण ग्रन्थ प्रथमानयोग, चरणानुयोग, करणानुयोग और द्रव्यानुयोगके भेदसे चार विभागोंमें

विभक्त हैं। गणितशास्त्रमें पूर्वोक्त गणितसारके सिवा चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, आदि ग्रन्थ भी अपूर्व हैं। इसी-प्रकार धर्मशर्माभ्युदय, पार्श्वाभ्युदय, यशस्तिलकचम्पू, नेमिनिर्वाण, तिलकमंजरी, चन्द्रप्रभकाव्य, हीरसौभाग्य और हम्मीरमहाकाव्य आदि काव्यग्रंथ, अष्टसहस्री, प्रमेयकमलमार्तण्ड, श्लोकवार्तिक, सम्मतितर्क, न्यायविनिश्चय, न्यायकुमुदचन्द्र, स्याद्वादरत्नाकर, स्याद्वादमंजरी और जैनतर्कवार्तिक आदि न्याय ग्रन्थ; पंचाध्यायी, राजवार्तिक, अध्यात्मसार, आत्मानुशासन, इष्टोपदेश, समाधिशतक और अध्यात्मकल्पद्रुम आदि दर्शन एवं आध्यात्मिक ग्रंथ; महापुराण, पाण्डवपुराण, हरिवंशपुराण और पद्मपुराण आदि पुराण ग्रन्थ; शाकटायनन्यास, अमोघवृत्तिन्यास, सिद्धहेमचन्द्र, जैनेंद्रन्यास और गणरत्नमहोदधि आदि व्याकरण ग्रन्थ सुप्रसिद्ध हैं। इस प्रकार जैन न्याय, जैन तत्त्व-ज्ञान, आदि अन्यान्य विषयके गद्य-पद्य-मय अनेक उत्तमोत्तम ग्रंथ जैन संस्कृत वाङमयमें भरे पड़े हैं। डॉ० सतीश-चन्द्र विद्याभूषण, प्रो० हर्टल जैसे पूर्वीय तथा पाश्चात्य विद्वानोंने जैन न्याय, जैन व्याकरण आदिकी यथेष्ट प्रशंसा की है। जैन साहित्य कलामें भी पीछे नहीं है। मेघदूत पर पार्श्वाभ्युदय, शीलदूत, नेमिदूत, इंदुदुत, चेतोदूत आदि; माघपर देवानंदाभ्युदयः; नैषध पर शांतिनाथ चरित्र; इसी प्रकार भक्ताभर और कल्याणमंदिरस्तोत्र पर भी कई समस्यापूर्ति * कृतियाँ मौजूद है। दूतकाव्य साहित्यमें भी यह पीछे नहीं है। उक्त पार्श्वाभ्युदय, शील-दूत, इंदुदूत, नेमिदूत और चेतोदूतके अतिरिक्त पवनदूत, मनोदूत, जैन मेघदूत, रथांगदूत, चन्द्रदूत, सिद्धदूत, उद्धवदूत और देवदूत आदि रचनाएँ इसके लिये पर्याप्त उदाहरण हैं †। द्विसंधान काव्यके जोड़का ग्रंथ राघव-पाण्डवीय ब्राह्मण संस्कृत साहित्यमें है अवश्य; पर इसके सिवाय भी जैन वाङमयमें पंचसन्धान, सप्तसन्धान एवं चतुर्विंशतिसन्धान ये काव्य भी श्लेषालंकारकी अनुपम तथा आश्चर्यकारी कृतियाँ हैं। हेमचन्द्रका 'द्व्याश्रय' काव्य भट्टिसे न्यून नहीं हैं। सिद्धर्षिकी 'उपमितिभवप्रपञ्चकथा' अत्युच्च श्रेणीका एक रूपक काव्य है। इसकी जॉन बाइरन (John Byrone) के पिलिग्रिम्ज प्रोग्रेस (Pilgrimage Progress) ग्रन्थसे तुलना की जा सकती है। हिन्दी विश्वकोशके संपादक श्री नगेन्द्रनाथ वसु आदिकी ऐसी अभिमति है कि कवित्वशक्तिमें आचार्य जिनसेनका काव्य कविश्रेष्ठ कालिदासकी कृतियोंसे कुछ कम नहीं है। इसी प्रकार आचार्य सोमदेवका गद्य बाणकी कादंबरीसे कुछ न्यून नहीं है। जिन ग्रन्थोंमें अपना धार्मिक पक्षपात कुछ भी नहीं है ऐसे भी ग्रन्थ जैन वाङमयमें अनेक हैं। मृगपक्षिशास्त्र और प्रश्नोत्तररत्नमाला इसी श्रेणीके ग्रन्थ हैं। भारतीय कथासाहित्यकी उत्पत्ति एवं रक्षामें भी जैनोंने पर्याप्त परिश्रम किया है। संस्कृत वाङमयके अद्वितीय रत्न 'पंचतंत्र' की रक्षा जैन आचार्य पूर्णभद्रकी 'पंचाख्यायिका' नामक ग्रन्थके द्वारा ही हुई है। यथार्थतः कथाओंके द्वारा साधारण जनतामें धार्मिक सिद्धान्तको प्रचार करनेकी सुप्रणाली जैसी जैनोंमें थी, वैसी भारतीय अन्य सम्प्रदायोंमें नहीं थी—यों अनुभवी विद्वानोंका कहना है। इसीलिये जैन साहित्यका कथा भाग अधिक विशाल है। श्रीयुत् हर्टल साहबका कहना है कि इन कथाओं में से बहुतसी कथाएँ पूर्वमें भारतवर्षमें ही नहीं, बल्कि शनैः शनैः संसारके अन्यान्य भागोंमें भी फैल गई थीं।

प्राक्कलीन उदार जैन कवियोंने सांप्रदायिकताको त्याग कर जैनेतर साहित्यमें जो कृति उन्हें विशेष उपयोगी एवं प्रशंसार्ह मालूम हुई उसे प्रेमसे अपनाया। इस उदारताके फलस्वरूप पाणिनि, मुग्धबोध, काशिका-न्यास, कविकल्पद्रुम, सिद्धान्तचन्द्रिका और सारस्वत आदि व्याकरण ग्रन्थों; वृत्तरत्नाकर तथा श्रुतबोध आदि छंद ग्रन्थों; काव्यालंकार, काव्यप्रकाश और विदग्धमुखमण्डन आदि अलंकार ग्रन्थों; कादम्बरी, भट्टि, रघुवंश, कुमार-सम्भव, मेघदूत, नैषध, किरातार्जुनीय, शिशुपालवध, नलोदय और राघवपाण्डवीय आदि काव्य ग्रन्थों; अनर्घराघव, प्रबोधचन्द्रोदय, राघवाभ्युदय, दमयंतीचम्पू और नलचम्पू आदि नाटक और चम्पू ग्रन्थों; तर्कभाषा, तर्करहस्य-दीपिका, न्यायकन्दली, न्यायप्रवेश, न्यायालंकार, न्यायसार और न्यायबोधिनी आदि न्याय ग्रन्थों; योगरत्नमाला, रसचिन्तामणि, वैद्यकसारसंग्रह, वैद्यकसारोद्धार और वैद्यकवल्लभ आदि वैद्यक ग्रन्थों पर जैन आचार्यप्रणीत

* विशेष परिचयके लिये 'जैन सिद्धान्त-भास्कर' भाग ३, किरण २ में प्रकाशित श्री अगरचन्दजी नाहटाका 'जैन पादपूर्ति काव्यसाहित्य' शीर्षक लेख देखो।

† अधिक जानकारीके लिये 'जैन सिद्धान्त-भास्कर' भाग २, किरण २ और भाग ३, किरण १ में प्रकाशित श्री चिन्ता-मणि चक्रवर्ती तथा अगरचन्दजी नाहटाके लेख देखें।

टीकाएँ उपलब्ध होती हैं* । मेघदूतके पद्योंकी समस्या-पूर्ति कई जैन कवियोंने की है । बौद्धोंका 'धर्मबिंदु' नामक उच्च न्याय ग्रन्थ जैनाचार्य मल्लवादिकी टीकासे ही भारतमें रक्षित है । भासर्वज्ञके 'न्यायसार' नामक ग्रन्थ पर जयसिंह सूरिकृत टीका सर्वोत्तम है । ये कृतियाँ ब्राह्मण एवं बौद्ध ग्रन्थोंके प्रति जैन विद्वानोंके द्वारा की गई उदारताके कुछ उदाहरण हैं ।

वैद्यक विषयमें औषधकल्प, सिद्धान्तरसायनकल्प, भिषक्प्रकाश, जगत्सुन्दरी, कनकदीपक, कल्याणकारक, निघण्टु, रससार, रसतंत्र, वैद्यसार, रामविनोद, योगचिन्तामणि, विद्याविनोद, बालग्रहचिकित्सा, मेरुतंत्र, रसमंजरी, ज्वरपराजय, वैद्यवल्लभ, ज्वरनिदान, मेघविनोद, लंघनपथ्योपचार और प्रयोगसंग्रह आदि ग्रंथ उल्लेखनीय हैं † । ज्योतिष विषयमें त्रैलोक्यप्रकाश, मेघमहोदय, यंत्रराज, आयज्ञानतिलकटीका, जिनेन्द्रमाला, चन्द्रोन्मीलन, भद्रबाहु-निमित्त, ज्योतिषसार, लग्नशुद्धि, ज्योतिषसारोद्धार, जन्मपत्रीपद्धति, मानसागरीपद्धति, ज्योतिषमण्डलविचार, सामुद्रिकतिलक, शकुनशास्त्र, शकुनशास्त्रोद्धार, जगच्चन्द्रिकासारणी, दिनशुद्धिदीपिका, उदयदीपिका, हस्तसंजी-वन, रमलशास्त्र, विवाहपटल, ज्योतिषरत्नाकर, और भुवनतिलक आदि ग्रन्थ ‡ भी महत्त्वके हैं । अर्थशास्त्रमें नीति-वाक्यामृत एक अनूठा रत्न है । मन्त्रशास्त्रमें विद्यानवाद, ज्वालिनीमत, ज्वालिनीकल्प, भैरवपद्मावतीकल्प, काम-चाण्डालिनीकल्प, श्रीदेवताकल्प, सरस्वतीकल्प, गणधरवलयकल्प, प्रतिष्ठाकल्प, सूरिकल्प, श्रीविद्याकल्प और वर्ध-मानविद्याकल्प प्रभृति भी अच्छे ग्रन्थ हैं । संगीतमें 'Trivendrum Sanskrit Series' में प्रकाशित संगीत-समयसार; सुभाषितमें सुभाषितरत्नसंदोह और सुभाषितावली; अलंकारमें काव्यानुशासन, अलंकारचिन्तामणि और वाग्भटालंकार; छन्दमें छन्दोऽनुशासन और रत्नमंजूषा आदि कृतियाँ बहुमूल्य समझी जाती हैं । इसी प्रकार कानूनी साहित्यमें अर्हन्नीति, भद्रबाहुसंहिता, वर्धमाननीति और इन्द्रनन्दिसंहिता आदि एवं ऐतिहासिक ग्रन्थोंमें तीर्थकल्प, परिशिष्टपर्व, प्रबन्धचिन्तामणि, प्रबन्धकोश, प्रभावकचरित्र, कुमारपालप्रतिबोध, कर्मचन्द्रप्रबन्ध और तेजपालवस्तु-पालचरित्र आदि अपने अपने विषयके जागरूक निदर्शन हैं । यह जैन संस्कृत वाङ्मयका दिग्दर्शन मात्र है । बड़े खेदकी बात है कि अभी तक जैन संस्कृत वाङ्मय पर कोई उल्लेख-योग्य सर्वांगपूर्ण पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है । पाश्चात्य विद्वानोंने इस विषय पर कुछ प्रकाश डाला है अवश्य, फिर भी वह संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता । इन पश्चिमीय विद्वानोंके द्वारा लिखी हुई पुस्तकोंमें विंटरनिट्ज की "A history of Indian Literature" नामक पुस्तक विशेष महत्त्वपूर्ण है । इन्होंने भी अपनी इस पुस्तक (द्वितीय भाग) में विशेष-तया श्वेतांबर साहित्यपर ही प्रकाश डाला है । बहुत कुछ संभव है कि इनको दिगम्बर जैन ग्रन्थ अध्ययनार्थ नहीं मिले हों । क्योंकि दिगम्बर साहित्यकी अपेक्षा श्वेताम्बर साहित्य अधिक प्रचार एवं प्रकाशमें आया है । एतत्सम्बन्धी हिन्दी पुस्तकोंमें हिन्दू विश्वविद्यालय काशीके दो अध्यापकोंके द्वारा सम्पादित "संस्कृत साहित्यका संक्षिप्त इतिहास" नामक पुस्तक दर्शनीय है । इसमें भी इन लोगोंने कुछ ही जैन ग्रन्थोंका परिचय दिया है । साथ ही साथ इस परिचयमें कई त्रुटियाँ भी रह गयी हैं । गुजराती भाषामें श्वेताम्बर भाई मोहनलाल दलीचन्द देसाई द्वारा लिखित "जैन साहित्यनों संक्षिप्त इतिहास" पठनीय है । पुस्तक विद्वत्तापूर्ण है । परन्तु इसमें भी श्वेताम्बर साहित्य पर ही प्रकाश डाला गया है । दुःखके साथ लिखना पड़ता है कि दिगम्बर विद्वानोंने इस ओर कुछ उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है । हाँ, कुछ विद्वानोंकी कृपासे दस-बीस ग्रन्थकर्ता और उनकी कृतियोंका परिचय यत्र-तत्र प्रकट हुआ है अवश्य । किन्तु इससे क्या होनेवाला है । सावकाश विद्वानोंको इस ओर अवश्य ध्यान देना चाहिये । एक श्रृंखलाबद्ध जैन वाङ्मयका इतिहास प्रकाशित होनेकी परमावश्यकता है ।

कन्नड वाङ्मय—दक्षिण भारतमें प्रचलित प्रख्यात पञ्च द्राविड भाषाओंमें कन्नड भी एक है । इस भाषावर्गकी अवशिष्ट चार भाषाएँ तमिल, तेलुगु, मलयालम एवं तुलु हैं । द्राविड भाषाएँ संस्कृत और प्राकृत

* अधिक जानकारी के लिये 'जैन सिद्धान्त-भास्कर' भाग २, किरण १ में प्रकाशित स्व० बाबू पूरणचन्द्रजी नाहर का 'धार्मिक उदारता' शीर्षक लेख देखें ।

† विशेष जानकारी के लिये 'जैन सिद्धान्त-भास्कर' भाग ४, किरण २ में प्रकाशित श्री अगरचन्दजी नाहटाका 'जैन ज्योतिष और वैद्यक ग्रन्थ' शीर्षक लेख देखें ।

आदि आर्य भाषाओंसे भिन्न इसलिये मानी जाती है कि एक तो इन भाषाओंमें व्यवहारोपयोगी स्वतंत्र शब्द प्रचुर मात्रामें पाये जाते हैं । तात्पर्य यह है कि इन भाषाओंको किसी भी आर्य भाषासे उधार लेनेकी जरूरत नहीं पड़ती। दूसरी बात यह है कि इस भाषावर्गका व्याकरण संस्कृत आदि आर्य भाषाओंके व्याकरणोंसे बहुत कुछ भिन्न है। इसके लिये कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

द्राविड भाषाओंमें लिंग अर्थपरक है; संधिक्रम भिन्न है; संज्ञाओंके एकवचन तथा बहुवचनमें एक ही प्रकारकी विभक्तियाँ हैं; गुणवाचक शब्दोंमें तरतम भाव नहीं है; संबंधार्थक सर्वनामका सर्वथा अभाव है; कर्मणि प्रयोग कम है; क्रियाओंमें निषेधरूप है और कृत्तद्धित प्रत्यय स्वतंत्र हैं। ऊपर कहा गया है कि द्राविड भाषावर्गमें व्यवहारपर्याप्त स्वतंत्र शब्द अधिक मात्रामें पाये जाते हैं। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि इस भाषावर्गमें संस्कृत और प्राकृत आदि आर्य भाषाओंके शब्द हैं ही नहीं। पीछे समयके प्रभावसे संस्कृत और प्राकृत आदि आर्य भाषाओंके शब्दोंको कौन कहे, क्रमशः इनमें उर्दू, अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओंके शब्द भी यथेष्ट आ मिले हैं। विदेशी शब्दोंकी यह रफ्तार केवल द्राविड भाषाओंमें ही नहीं, प्रत्युत सभी भारतीय भाषाओं में इसी प्रकार जारी रही। इस प्राकृतिक अटल नियमको कोई रोक नहीं सकता। एक दृष्टिसे यह है भी उपादेय। अन्यथा किसी भी भाषाके शब्दभाण्डारकी वृद्धि नहीं हो सकती। इतना ही नहीं, प्रत्येक भाषाकी सीमित शब्दावलीसे काम भी नहीं चल सकता। बल्कि भाषातत्त्वके धुरंधर विद्वान् डॉ० काल्डीवेलके मतानुसार कक्क, अत्त, कुटि, कोट, नीर, पल्लि, मीन, एड, मरुत्त, हेरम्ब, अट्ट, आम्, बल्लि, मुकुल, कुंतल, पालि, मंड, काक, माचल, मेक, सीर, ताल, वरुक, उल्क, तटित् या तडित्, मलय, आलि, कलि, गंड, सुंदि, खलीन, तल्प, कल्प, और खर्जु आदि शब्द द्राविड भाषाओंसे ही संस्कृत कोशोंमें लिये गये हैं *। इसी प्रकार दीनार, होरा आदि शब्द संस्कृतमें लैटिन, ग्रीक आदिसे लिये गये हैं । कई पाश्चात्य भाषा-शास्त्रियोंका मत है कि संस्कृत व्याकरणमें प्रचलित ध्वनिविषयक खास कर टवर्गाक्षर द्राविड भाषाओंसे ही लिये गये हैं।

यों तो मोहनजोदडो और हडप्पा आदि स्थानोंमें उपलब्ध चित्रलिपियोंसे द्राविड भाषाओंका मूल वेदपूर्वकाल सिद्ध होता है। ब्राह्मी लिपिकी तरह उस समय भी इन भाषाओंकी लिपि मौजूद थी। † फिर भी खेद है कि दूसरी शताब्दीके पूर्वका कन्नड साहित्य अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है। हाँ, द्वितीय शताब्दीके कुछ कन्नड शिलालेख अवश्य प्राप्त हुए हैं। साथ ही साथ ज्ञात हुआ है कि मिश्रमें इसी शताब्दीके लिखे गये एक नाटकमें भी कुछ कन्नड शब्द वर्तमान हैं।‡ सुदीर्घ कालसे ही कन्नड साहित्यकी ओर ध्यान देनेका प्रयत्न किया गया है। इसी लिये जिस समय हिंदी, बंगला, मराठी और गुजराती आदि भाषाओंका जन्म भी नहीं हुआ था उस समयभी कन्नड साहित्यका भाण्डार अनेक बहुमूल्य ग्रन्थरत्नोंसे भरा हुआ था।

प्राचीन कन्नड साहित्यको उच्च एवं प्रौढ़ बनानेका सारा श्रेय जैन आचार्यों एवं कवियोंको दिया जाता है। यह बात निर्विवाद सिद्ध है कि जैनोंके ही द्वारा कन्नड भाषाका उद्धार तथा प्रसार हुआ है और उन्होंने ही इस भाषाके साहित्यको एक उच्च श्रेणीकी भाषाके गौरवयोग्य बनाया है। कन्नड साहित्यको उन्नतिके चरम शिखर पर पहुँचानेमें असीम प्रयत्न करके इन्होंने उक्त साहित्यमें सदाके लिये अपना नाम अमर कर दिया है। इसीसे आज भी संपूर्ण कर्णाटक बड़े आदरके साथ इनके सुयशका गीत गा गा कर अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है। तेरहवीं शताब्दी तक कन्नड भाषाके जितने उद्भट ग्रन्थकर्ता हुए हैं वे प्रायः सबके सब जैन हैं। कर्णाटक कविचरितेके मान्य सम्पादक महामहोपाध्याय स्व० आर० नरसिंहाचार्य एम० ए० के शब्दोंमें जैन ही कन्नड भाषाके आदि कवि हैं। आज तककी उपलब्ध सभी प्राचीन एवं उत्तम कृतियाँ जैन कवियोंकी ही हैं। ग्रन्थरचनामें जैनोंके प्राबल्यका काल ही कन्नड साहित्यकी उच्च स्थितिका काल मानना होगा। प्राचीन जैन कवि ही कन्नड भाषाके

---

* 'कर्णाटक कविचरिते' भाग ३ की प्रस्तावना देखें।

† 'कन्नड संस्कृति' पृष्ठ ८० देखें।

‡ 'कर्णाटक कविचरिते' भाग १ एवं २ को प्रस्तावना देखें।

सौंदर्य एवं कांतिके विशेषतः कारणभूत हैं। उन्होंने शुद्ध और गम्भीर शलीमें ग्रन्थ रच कर ग्रन्थरचनाकौशलको उन्नत स्तरपर पहुंचाया है। प्रारम्भिक कन्नड साहित्य उन्हींकी लेखनी द्वारा लिखा गया है। कन्नड भाषाध्ययनके सहायभूत छन्द, अलंकार, व्याकरण और कोश आदि ग्रन्थ विशेषतः जैनोंके द्वारा ही रचे गये हैं।"

बोल-चालको भाषाको ग्रन्थरूप देनेका सारा श्रेय जैन कवियोंको प्राप्त है। उपलब्ध कन्नड साहित्यमें नृपतुंगका कविराजमार्ग ही आदिम ग्रन्थ एवं कवितागुणार्णव महाकवि आदि पंप ही आदिकवि है। कवि चक्रवर्ती महाकवि रन्न काव्यनिर्माणकलामें महाकवि भवभूतिसे कम नहीं था। जिनसमयदीपक यह रन्न वस्तुतः कन्नड साहित्यका एक समुज्ज्वल रत्न था। कन्नड काव्यमें कविचक्रवर्ती उपाधि प्राप्त पोन्न, रन्न तथा जन्न ये तीनों वास्तवमें जैन 'रत्नत्रय' है। विलक्षणकवितासामर्थ्यप्राप्त उपर्युक्त महाकवि पम्प अद्वितीय कीर्तिशाली कवि था। इसी प्रकार महाकवि नागचन्द्रके द्वारा प्रशंसित 'अभिनववाग्देवी' उपाधिधारिणी कन्ति आदि कवयित्री है।

कन्नड जैन पुराणोंमें आदिपम्प [ई० सन् ९४१] का आदिपुराण, पोन्न [ई० सन् लगभग ९५०] का शान्तिनाथपुराण, रन्न [ई० सन् ९९३] का अजितनाथपुराण, चावुंडराय [ई० सन् ९७८] का चावुंडरायपुराण, नागचन्द्र [ई० सन् लगभग ११००] का मल्लिनाथपुराण, कर्णपार्य [ई० सन् लगभग ११४०] का नेमिनाथपुराण, अग्गल [ई० सन् ११८९] का चन्द्रप्रभपुराण, आचण्ण [ई० सन् ११९५] का वर्धमानपुराण, नेमिचन्द्र [ई० सन् लगभग ११७०] का अर्धनेमिपुराण, बन्धुवर्मा [ई० सन् लगभग १२००] का हरिवंशपुराण, पार्श्वपण्डित [ई० सन् १२०५] का पार्श्वनाथपुराण, द्वितीय गुणवर्मा [ई० सन् लगभग १२२५] का पुष्पदन्तपुराण, कमलभव [ई० सन् लगभग १२३५] का शान्तीश्वरपुराण, मधुर [ई० सन् लगभग १३८५] का धर्मनाथपुराण, मङ्गरस [ई० सन् १५०८] का नेमिजिनेशसङ्गति, शान्तिकीर्ति [ई० सन् १५१९] का शान्तिनाथपुराण, दोड्डय्य [ई० सन् १५५०] का चन्द्रप्रभपुराण प्रमुख हैं। इनमें पदलालित्य, प्रसाद और सौष्ठव आदि काव्योचित सभी गुण मौजूद हैं।

इसी प्रकार षट्पाद ग्रन्थोंमें मंगरसका सम्यक्त्वकौमुदी, कुमुदेन्दु [ई० सन् लगभग १२७५] का कुमुदेन्दुरामायण, भास्कर [ई० सन् १४२४] का जीवंधरचरित, कल्याणकीर्ति [ई० सन् १४३९] का ज्ञानचन्द्राभ्युदय, बोम्मरस [ई० सन् १४८५] का सनत्कुमारचरित, कोटेश्वर [ई० सन् १५००] का जीवंधरषट्पदि और मङ्गरसका जयनृपकाव्य, साङ्गत्यम रत्नाकर वर्णी [ई० सन् १५५७] का भरतेशवैभव, पद्मनाभ [ई० सन् लगभग १६८०] का रामपुराण, चन्द्रम [ई० सन् १६०५] का गोम्मटेश्वरचरित और बाहुबलीका नागकुमारचरित; शतक ग्रन्थोंमें रत्नाकर वर्णीका शतकत्रयी, व्याकरण ग्रन्थोंमें नागवर्मा [ई० सन् लगभग ११४५] का भाषाभूषण और शब्दस्मृति, केशिराज [ई० सन् लगभग १२६०] का शब्दमणिदर्पण, भट्टाकलङ्क [ई० सन् १६०४] का शब्दानुशासन; छन्दःशास्त्रमें नागवर्माका छन्दोम्बुधि और अलङ्कार ग्रन्थोंमें नृपतुंग [ई० सन् ८१४–८७७] का कविराजमार्ग, नागवर्माका काव्यालोकन, उदयादित्य [ई० सन् लगभग ११५०] का उदयादित्यालङ्कार और साल्व [ई० सन् लगभग १५५०] का रसरत्नाकर आदि बहुत प्रसिद्ध है।

उल्लिखित ग्रन्थोंके अतिरिक्त जैन कवियोंने वैद्यक, ज्योतिष आदि लोकोपकारी विद्याओं पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला है। वैद्यक ग्रन्थोंमें सोमनाथ [ई० सन् ११५०] का कल्याणकारक, मङ्गराज [ई० सन् लगभग १३६०] का खगेन्द्रमणिदर्पण, श्रीधरदेव [ई० सन् लगभग १५००] का वैद्यामृत, साल्वका वैद्यसांगत्य, अभिनवचन्द्र [ई० सन् लगभग १४००] का अश्वशास्त्र, कीर्तिवर्मा [ई० सन् लगभग ११२५] का गोवैद्य; ज्योतिष ग्रन्थोंमें श्रीधराचार्य [ई० सन् १०४६] का जातकतिलक; गणित ग्रन्थोंमें राजादित्य [ई० सन् लगभग ११२०] के व्यवहारगणित, क्षेत्रगणित, व्यवहाररत्न, लीलावती, चित्रहसुग, जैनगणितटीकोदाहरण एवं सूप (पाक) शास्त्र सम्बन्धी ग्रन्थोंमें मङ्गरसका सूपशास्त्र आदि उल्लेखनीय है।

महाकवि नागचन्द्र अगर उपासना-प्रिय है तो कवि नेमिचन्द्र पक्के शृंगारोपासक है। कविचक्रवर्ती जन्न अगर अहिंसाप्रेमी हैं तो विरक्त कवि बन्धुवर्मा अध्यात्मप्रिय है। इसी प्रकार महाकवि अग्गल अगर संस्कृत पक्षपाती था तो कवि अंडय्य कन्नडपक्षपाती। सर्वप्रथम संस्कृत भाषाके बहुमूल्य भूषणोंको पहना कर कन्नड वाग्देवीको

सजानेका श्रेय एवं पीछे उस अलङ्कार भारसे दुःखी उसे उस भारसे मुक्त करनेका श्रेय दोनों जैन कवियोंको ही प्राप्त है। साथ ही साथ कन्नड भाषामें जब क्रमशः शिथिलता आने लगी, तब उसमें दृढ़ता लानेवाला वैयाकरण केशिराज भी जैन था। इस प्रकार प्रत्येक पहलुओंसे जैन कवियोंने कन्नड भाषाकी अटूट सेवा की है। यह अनुपम सेवा कभी भी भुलाई नहीं जा सकती। जैन काव्योंमें हमे केवल काव्यधर्म ही नहीं, किन्तु आत्मवाद, साम्यवाद, अपेक्षावाद, अहिंसावाद और स्याद्वाद आदि सभी मिल रहे हैं। पुराणोंमें भी हमें अभी ट महापुरुषों की जीवनीके साथ साथ अनुकरणीय आदर्श चरित्रका संकेत भी मिलता है। अगर इनके पूर्वार्धमें शृंगाररसकी स्वच्छ यमुना बहती है तो उत्तरार्धमें नियमसे शांतरसकी विमल गंगा बहती मिलेगी। जैन पुराण एवं काव्योंमें उल्लेखनीय यह एक खास गुण है।

पंप, रन्न, नागचन्द्र और जन्न इन जैन कवियोंके नाम कन्नड साहित्यमें आचंद्रार्क अमर रहेंगे। अंडय्य और नेमिचन्द्र जैसे प्रौढ़ कवियोंने लौकिक कथाओंको भी लिखा है जो कि बीसवीं शताब्दीके उपन्यासोंसे किसी भी दृष्टिसे कम नहीं है। रसिक कवि रत्नाकरका भरतेशवैभव तो एक अद्भुत चीज है। इससे रत्नाकरके विशाल अध्ययन तथा व्यापक ज्ञानका यथेष्ट परिचय मिलता है। पंप और रन्नका महाभारत और नागचन्द्रकी रामायण दुर्योधन तथा रावण जैसे व्यक्तियोंमें भी आदर-बुद्धि उत्पन्न कराती है। सारांशतः जैन कवियोंने हमें काव्य, काव्यलक्षण, जीवनोपयुक्त ज्ञान आदि सब कुछ दिया है।

गंग, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होय्सल, विजयनगर तथा मैसूर आदि शासक उपर्युक्त मान्य कवियोंके पोषक एवं प्रोत्साहक बने रहे। इन्हीं राजामहाराजाओंका आश्रय पाकर पंप, रन्न, पोन्न और जन्न जैसे महाकवियोंने अपनी अमर कृतियोंके द्वारा कन्नड वाग्देवी का मुख उज्ज्वल किया है।

जिस प्रकार अन्यान्य प्रान्तोंमें विद्वानोंके द्वारा अपने अपने साहित्यका काल निर्धारित है, उसी प्रकार कन्नड साहित्यका काल भी प्राचीन, माध्यमिक और वर्तमान यों अथवा क्षात्र, मतप्रचारक एवं वैज्ञानिक कालके भेदसे तीन श्रेणियोंमें विभक्त है। प्राचीन, काल नवमी शताब्दीसे बारहवीं शताब्दी तक, माध्यमिक काल बारहवीं शताब्दीसे सत्रहवीं शताब्दी तक, वर्तमान काल सत्रहवीं शताब्दीसे लेकर आज तक माना गया है। कन्नड साहित्य सेवाका भार तीन धर्मानुयायियोंके ही हाथों में रहा। जिस समय जिस जिस धर्मकी प्रधानता थी उस समय मुख्यतया उस धर्मके अनुयायियोंने पूर्ण रीतिसे साहित्यसेवा की है। प्रायः ई० सन् नवमी शताब्दीसे बारहवीं शताब्दी तक जैनोंका विशेष प्रभाव था। अत एव कन्नड भाषाका प्रारंभिक साहित्य उन्हींकी लेखनी द्वारा लिखा गया है। इस संबंधमें कन्नड साहित्यके मर्मज्ञ विद्वान् शेष भी० पारिधावाडेके शब्दोंमें "लगभग ई० सन् छठीं शताब्दीसे चौदहवीं शताब्दी तकके सात-आठ सौ बर्ष संबंधी जैनोंके अभ्युदय-प्राप्ति-निमित्त जो वाङमय है, उसका अवलोकन करना समुचित है। तत्कालीन करीब २८० कवियोंमें ६० कवियोंको स्मरणीय एवं सफल कवि मान लेने पर इनमें ५० जैन कवियोंके नाम ही हमारे सामने आ उपस्थित होते हैं। इन ५० जैन कवियोंमें से ४० कवियोंको निस्सन्देह हम प्रमुख मान सकते हैं। लौकिक चरित्र, तीर्थंकरोंके पारमार्थिक पुराण और दार्शनिक आदि अन्यान्य भी ग्रन्थ जैनोंके द्वारा ही जन्म पाकर वे कन्नड साहित्यके ऊपर अपना प्रभाव शाश्वत जमाए हुए हैं।"

जैनोंके बाद बारहवीं शताब्दीसे सत्रहवीं शताब्दी तक लिंगायतों (शैव) का प्राधान्य रहा। अतः इन शताब्दियोंमें मुख्यतया कन्नड साहित्य इन्हींके हस्तगत रहा। सत्रहवीं शताब्दीसे आज तक ब्राह्मणोंकी प्रधानतामें दो तीन शताब्दियोंसे इस धर्मके कवि साहित्य-सेवा कर रहे हैं। प्राचीन समयमें धर्मोन्नतिके साथ साथ साहित्योन्नतिका संबंध कितना सुन्दर था। साथ ही साथ वह कितने विशदरूपसे अपने ऐतिहासिक रहस्यको प्रकट करता है। यद्यपि कन्नड भाषाका प्रारंभिक काल "जैन काल" माध्यमिक काल "लिंगायत काल" और वर्तमान काल ब्राह्मणकाल कहलाता है अवश्य, फिर भी लिंगायत या वर्तमान कालमें जैन अपनी परंपरागत पवित्र साहित्य सेवाको भूले नहीं हैं। इन समयोंमें भी अनेक जैन ग्रन्थ रचे गये हैं।

अब मैं जैन समाजके समक्ष एक परमावश्यक प्रस्ताव उपस्थित कर देना अपना कर्तव्य समझता हूँ। वह यह है कि कन्नड जैन साहित्यके मौलिक ग्रन्थोंका अनुवाद या तात्पर्यांश हिंदीभाषाभाषी जनताके सामने आ जाना परमावश्यक है। खास कर जो कृतियाँ संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओंमें नहीं मिलती हैं, उनको तो प्रकाशमें आ जाना अनिवार्य ही कहा जा सकता हो। जो संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओंमें प्राप्त होते हैं, बल्कि उसीके आदर्श पर कन्नडमें रचे गये हैं, उनका प्रकटीकरण भी अनुपादेय नहीं कहा जा सकता। क्योंकि इससे तुलनात्मक अध्ययन द्वारा प्राचीन क्रमिक जैन-संस्कृतिका पता लगानेमें पर्याप्त सहायता मिलेगी। बल्कि इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिये 'भारतीय ज्ञानपीठ काशी'की ओरसे इसकी एक शाखा मूडबिद्रीमें सन् १९४४ में स्थापित हुई थी। दुर्भाग्यवश इसके संचालकोंने खर्चको कम करने एवं कार्यशक्तिको केंद्रित करनेके ख्यालसे इस शाखाको दो वर्षके बाद बंद कर दिया। फिर भी मैं 'ज्ञानपीठ'के संस्थापक दानवीर सेठ श्रीमान् शांतिप्रसादजीसे सादर एवं साग्रह निवेदन करना चाहता हूँ कि इस शाखाको फिरसे चालू करके पूर्वोक्त पवित्र उद्देश्यको अवश्य पूर्ण कर दें। क्योंकि काशीसे पत्र व्यवहारके द्वारा सुदूरवर्ती कर्णाटकमें कन्नड साहित्यका प्रकाशन एवं प्रचार होना बहुत कठिन है। मेरे ख्यालमें शायद ही सफलता मिलेगी।

जैन वाङ्मयकी रक्षाका श्रेय

यद्यपि हमारे जैन भाइयोंमें अनेक भाई भट्टारकोंके खिलाफ़ हैं और वे यदा-कदा उनकी कटु समालोचना भी किया करते हैं। पर खेदके साथ लिखना पड़ता है कि वे इन अवसरों पर जैन धर्मके प्रमुख सिद्धांत अनेकान्त या अपेक्षावादको सर्वथा भूल जाते हैं। किसी वस्तुके गुणोंकी उपेक्षा करके केवल उसके दोषोंकी समालोचना करना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। यह नीति जैन धर्मके अपेक्षावादके सर्वथा प्रतिकूल है। म मानता हूँ कि परिमार्जन दृष्टिसे किसीके दोषोंको उद्घाटन करना बुरा नहीं है। परन्तु निष्पक्ष होकर दोषोंके साथ-साथ उनके गुणोंको व्यक्त करना भी विमर्शकका आवश्यक धर्म है। मेरे इस वक्तव्यका एक आशय यही है कि भट्टारकोंके दोषोंकी जैसी कटु समालोचना की जाती है, वैसे ही उनके गुणोंकी अर्थात् उनके द्वारा समाजको प्राप्त लाभकी प्रशंसा नहीं की जाती। अनुकरणप्रियता रूपी भयंकर सांक्रामिक रोगसे सर्वसाधारण जनता ही नहीं, कभी कभी हमारे माग्य लेखक भी ग्रस्त हो जाते हैं, यह आश्चर्यकी बात है!

वस्तुतः खास कर दिगंबर जैन वाङमयकी रक्षाका अधिकतर श्रेय भट्टारकोंको प्राप्त है। आज भी जैन वाङमयका विशाल संग्रह हमें जैन मठोंमें ही दृष्टिगोचर होते हैं। मूडबिद्री, कारकल, वारंग, श्रवणबेलगोल, हुंबुज, कोल्हापुर, नागौर, कारंजा और ग्वालियर आदि किसी भी स्थानके मठको आप लीजिये वहां पर इस स य भी सैकड़ों हजारों हस्तलिखित ग्रन्थ पाये जाते हैं। इतना ही नहीं, उत्तर भारतके हस्तलिखित ग्रन्थोंकी अपेक्षा दक्षिण भारतके उसमें भी खास कर कन्नड या कर्णाटक लिपिमें लिखित ग्रन्थ अधिक शुद्ध सिद्ध हुए हैं। तीन साढ़े तीन सालमें मेरे द्वारा राजवार्तिक, तत्त्वार्थवृत्ति, द्विसंधान और धर्मशर्माभ्युदयका टीका, न्यायविनिश्चय, आदिपुराण और सर्वार्थसिद्धि आदि को जो भी प्रतियां यहांसे संशोधनमें सहायतार्थ उत्तर भारतमें भेजी गई हैं, वे प्रायः सबके सब शुद्ध प्रमाणित हुई हैं। बल्कि कोई कोई प्रति ऐसी निकली है कि संपादकोंने उसकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा की है। इससे मालूम होता है कि उत्तर भारतके लेखकोंकी अपेक्षा दक्षिण भारतके उसमें भी खास कर कर्णाटकके लेखक अधिक सुबुद्ध थे। इसका कारण भी है—

कुछ शताब्दियों तक कर्णाटक प्रांत दिगंबर विद्वानोंकी लीलाभूमि ही बना रहा। दिगंबर संप्रदायके स्तंभ समझे जानेवाले भूतबलि, पुष्पदंत, समंतभद्र, पूज्यपाद, वीरसेन, जिनसेन, गुणभद्र, अकलंक और विद्यानंदी आदि जितने प्रधान आचार्य इस समय प्रसिद्ध हैं, वे सब ही कर्णाटकके निवासी थे। कर्णाटकको संस्कृति पर इस संप्रदायकी अमिट छाप पड़ी हुई है। इस बातको निष्पक्ष प्रकृत जैनेतर विद्वान् भी सहर्ष स्वीकार करते हैं। बल्कि एक जमानेमें कारण-विशेषसे निराश्रित दिगंबर जैन संप्रदायको हस्तावलंबन देकर इसकी रक्षा एवं अभिवृद्धिका सफल तथा पवित्र श्रेय कर्णाटक प्रांतको ही प्राप्त है। यदि उल्लिखित ये दिगंबराचार्य कर्णाटकमें

जन्म लेकर दिगंबर वाङ्मयकी श्रीवृद्धि नहीं करते तो बहुत कुछ संभव था कि आज भारतीय अन्यान्य लुप्त संप्रदायोंकी तरह इसका भी केवल नाम ही नाम रह जाता। क्योंकि यह निर्विवाद सिद्ध बात है कि कोई संप्रदाय बिना अपने मौलिक साहित्यके दीर्घकाल तक जीवित नहीं रह सकता। मैं समझता हूँ कि इस पैतृक साहित्य-संपत्ति जैसी अमूल्य एवं अलभ्य निधिकी रक्षा करनेके उपलक्ष्यमें उत्तर भारतका दिगंबर जैन समाज कर्णाटकका सदा कृतज्ञ बना रहेगा।

अस्तु, मेरे लिखनेका आशय इतना ही है कि उपर्युक्त इन विद्वान् आचार्योंके उपरान्त भी दीर्घकाल तक कर्णाटकमें पठन-पाठनकी परिपाटी बनी रही और ग्रन्थ-लेखनादि साहित्यरक्षाके कार्य बराबर चलते रहे। दानचिन्तामणि अत्तिमब्बेके द्वारा कविचक्रवर्ती महाकवि पोन्नकृत शान्तिनाथपुराणकी एक हजार प्रतियोंको लिखवाकर शास्त्र दान करनेका शुभ उल्लेख उपर्युक्त मेरी इस धारणाके लिये उज्ज्वल निदर्शन है। दूर जानेकी आवश्यकता नहीं है। इस ग्रन्थतालिकामें पाठक स्वयं देख सकते हैं कि मूडबिद्रीमें विराजमान धवला टीकाकी आद्य प्रति मण्डलानाडु भुजबली गङ्गपेर्माडिकी सास देमियक्कके द्वारा कोपण तीर्थके प्रसिद्ध दानी जिन्नय्यसे लिखवाकर बन्निकेरे उत्तुंग जिनचैत्यालयके सिद्धान्तमुनि श्री शुभचन्द्रदेवको अपने श्रीपञ्चमीव्रतकी उद्यापनाके उपलक्षमें शास्त्र दानमें दीं गई थी। इसीकी दूसरी प्रतिको राजा गण्डरादित्यके सेनापति मल्लिदेवने लिखवाकर सिद्धान्तमुनि श्रीकुलभूषणको शास्त्रदान किया था। इसी प्रकार यहाँकी जयधवला टीकाकी आद्यप्रतिको चिक्कमय्यके बल्लिसेट्टिने लिखवाकर सिद्धान्तमुनि श्रीपद्मसेनको और महाबन्धकी आद्य प्रतिको राजा शान्तिसेन की पत्नी मल्लिकब्बादेवीने (उदयादित्यसे लिखवा कर) अपने श्रीपञ्चमीव्रतकी उद्यापनाके उपलक्षमें श्रीसिद्धान्तमुनि माघनन्दीको शास्त्रदान किया था। शास्त्रदान सम्बन्धी इस प्रकारके उदाहरण आपको दो-चार नहीं, सैकड़ों मिलेंगे। बल्कि मुझे कुछ ऐसी भी प्रतियाँ उपलब्ध हुई हैं जो कि ग्रन्थ रचयिताके खास विद्वान् शिष्य या प्रशिष्योंके द्वारा ही लिखी गई हों।

ग्रन्थ-भण्डारोंका संक्षिप्त परिचय

इस ग्रन्थ-तालिकामें जैन मठ तथा श्रीवीर-वाणीविलास जैन सिद्धान्त-भवन मूडबिद्री, जैन मठ कारकल, आदिनाथ ग्रन्थ-भण्डार अलियूर और अन्यान्य फुटकर संग्रह मूडबिद्रीके ताडपत्र एवं कागज पर लिखे गये दोनों प्रकारके ग्रन्थोंके नाम संगृहीत हैं। इन भण्डारोंमें जैन मठ और श्री वीर-वाणी-विलास जैन सिद्धान्त-भवन मूडबिद्री, जैन मठ कारकल, आदिनाथ जैन भण्डार अलियूर तथा फुटकर संग्रहोंमें सिर्फ सिद्धान्त बसदि मूडबिद्रीका परिचय ही उल्लेखनीय है। अन्य फुटकर संग्रहोंका परिचय देना कष्टसाध्य नहीं, मेरी दृष्टिमें उतना आवश्यक भी नहीं है। इसलिये यहाँ पर पूर्वोक्त भण्डारोंका आवश्यक परिचय निम्न प्रकार दिया जाता है—

जैनमठ, मूडबिद्री—मूडबिद्री मद्रास प्रान्तके दक्षिण कन्नड (South Kanara) जिलेमें एक विश्रुत प्राचीन जैन तीर्थ है। स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी यह स्थान जिले भरमें सर्वोत्तम समझा जाता है। इस जिलेमें जैनोंका आगमन कब हुआ यह निःसन्देह रूपसे कहना बहुत कठिन है। फिर भी इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि ई० सन् प्रथम शताब्दीमें यहाँ पर जैन-धर्म मौजूद था। क्योंकि ई० सन् ७८ में बारकूरमें[१] शासन करने वाला भूतालपांड्य जैनधर्मावलम्बी था। हाँ, साधनाभावके कारण तीसरी-चौथी शताब्दियोंमें इस जिलेमें जैन धर्मकी स्थिति कैसी रही, यह नहीं कहा जा सकता। ५ वीं शताब्दीके पश्चात् यहाँ पर शासन करनेवाले चालुक्य, राष्ट्रकूट और होय्सल शासनोंमें भी कई जैन धर्मावलम्बी ही रहे। १२ वीं शताब्दीके बाद तो इस जिलेमें जैन धर्म फिर विशेष रूपसे पल्लवित हुआ। ई० सन् १३ वीं शताब्दीसे १६ वीं शताब्दी तक राज्य करने वाले विजयनगरके शासकोंके शासन-कालमें यहाँ पर जैन धर्म विशेष रहा। इन्हीं शताब्दियोंमें कारकलकी गोम्मटेश्वर मूर्ति (१४३२), मडबिद्रीका होसबसदि अथवा त्रिभुवन-चूडामणि (१४२९) तथा भैरादेवी-मण्डप (१४५१) कारकलका चतुर्मुख-बसदि अथवा त्रिभुवन-तिलक-चैत्यालय (१५२१) और वेणूरकी गोम्मटेश्वरमूर्ति (१६०४) निर्मापित हुई है।

---

१. देखें 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' भा० ४, कि० ४ में प्रकाशित मेरा 'बारकूर' लेख।

अब देखना है कि मूडबिद्रीमें मठ कब स्थापित हुआ। पर यह उतना आसान काम नहीं है। इसमें शक नहीं है कि मूडबिद्रीका मठ श्रवणबेल्गोल मठको ही शाखा हैं। इसीलिये दोनों मठके मठाधीशोंका नाम भी एक ही चारुकीर्ति है। हाँ, यह शाखामठ कब स्थापित हुआ, इसे जाननेके लिये हमारे पास कोई साधन नहीं है। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि मूडबिद्रीका मठ कमसे कम ८०० वर्ष पूर्वका अवश्य है। क्योंकि मूडबिद्री मठाधीशका ही दूसरा एक मठ उसी जिलेके नल्लूर ग्राममें ई० सन् ११२० में स्थापित हुआ है जिसका प्रमाण मौजूद है।

मैं अन्यत्र लिख चुका हूँ कि जैन मठोंमें ग्रन्थ-संग्रह एवं रक्षाका कार्य सुदीर्घ कालसे चला आ रहा है। अतः मूडबिद्री मठमें भी यह सत्कार्य प्रारम्भसे ही चालू रहा होगा। परन्तु सुननेमें आया है कि स्वर्गीय भट्टारकजीके कालमें संग्रहका कार्य तेजीसे हुआ। उस वक्त अन्यान्य मन्दिरों एवं श्रावकोंके घर पर जो ग्रन्थ संगृहीत थे, उनमेंसे अधिकांश ग्रन्थ सुरक्षाके खयालसे मठमें ही मँगवा लिये गये। इसके प्रेरक जिनवाणीभक्त आरानिवासी स्व० श्रीमान् बाबू देवकुमारजी थे जिनका जैन सिद्धान्त-भवन दिगम्बर जैन समाजमें एक बहुमूल्य निधि समझी जाती है। खैर, ये सब ग्रन्थ अब मठमें नहीं हैं। वर्तमान मठाधीश चारुकीर्तिजीके द्वारा धर्मशालाके ऊपर निर्मापित नवीन भव्य भवनमें रक्षा पूर्वक रखे गये हैं। आजकल इसके व्यवस्थापक पं० श्री नागराजजी शास्त्री, न्यायतीर्थ हैं।

श्री वीर वाणी-विलास जैन सिद्धान्त-भवन मूडबिद्री—यह भवन सन् १९३३ में स्थापित हुआ। इसके संस्थापक सरस्वतीभूषण पं० श्रीलोकनाथजी शास्त्री हैं। इसमें शास्त्रीजीके निजी ग्रन्थोंके अतिरिक्त अन्यान्य उदार दानियोंके द्वारा भी सैकड़ों हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थ प्रदान किये गये हैं। सामान्यतया संग्रह अच्छा है। शास्त्रीजीके प्रयत्नसे इस ग्रन्थ-भण्डारके लिये एक सुन्दर भवन भी बन गया है जिसमें स्थानीय और बाहरके अन्यान्य उदार दानियोंका पैसा भी लगा है। अभी भी इसकी व्यवस्था प्रेमसे स्वयं शास्त्रीजी ही कर रहे हैं। आप शीघ्र इसका एक ट्रस्टडीड करनेवाले हैं।

जैन मठ, कारकल—कारकल पूर्वमें जैन धर्मनियायी भैररस राजाओंकी समृद्धिशाली राजधानी रही। उस जमानेमें निर्मापित गोम्मटेश्वरकी विशालकाय भव्य मूर्ति, शिलामय त्रिभुवन तिलक-चैत्यालय आदि सुन्दर जिनालय, रामसमुद्र, आनेकेरे आदि चित्ताकर्षक जलाशय वगैरह आज भी यहाँके पूर्व वैभवको सूचित कर रहे हैं। इस समय कारकल तालुकाका हेड क्वॉर्टर है। यद्यपि आजकल यहाँ पर जैनोंकी संख्या कम है। फिर भी भुजबलि-ब्रह्मचर्याश्रम, जैन कन्या पाठशाला, जैन जीर्णोद्धार-सङ्घ और जैन विद्यार्थी-निलय आदि कुछ संस्थाएँ काम कर रही हैं। यहाँका विशेष परिचय मैं जैन सिद्धान्त-भास्कर आदिमें कई बार दे चुका हूँ, इसलिये उन्हीं बातोंको फिरसे दुहराना पिष्टपेषण होगा।

पर एक बात पर यहाँ प्रकाश डाल देना आवश्यक प्रतीत होता है। वह यह है कि एक ताम्रपत्र के आधार पर कुछ विद्वानोंका कहना है कि यहाँका गुरुपीठ (मठ) ई० सन् १५०४ में स्थापित हुआ था। किन्तु मैं इससे सहमत नहीं हूँ। क्योंकि कारकलकी गोम्मटेश्वरमूर्तिके दक्षिण पार्श्वमें वर्तमान एक लेखसे स्पष्ट है कि ई० सन् १४६२ में भी श्री ललितकीर्तिजी ही भैररस राजाओंके मनोनीत गुरु थे और उन्हींकी अध्यक्षतामें गोम्मट-मूर्तिके प्रतिष्ठामहोत्सवका समारोह सम्पन्न हुआ था। हाँ, इतनी बात तो अवश्य है कि जैसे मूडबिद्रीका मठ श्रवणबेल्गोलके मठकी शाखा है, उसी प्रकार कारकलका मठ हनसोगे (मैसूर) मठकी शाखा है। खैर, कारकल मठके ग्रन्थोंकी रक्षा वर्तमान भट्टारकजी स्वयं कर रहे हैं। आप पढ़े-लिखे एक उत्साही त्यागी हैं। मेरा खयाल है कि यहाँके संग्रहमें श्रद्धेय श्री नेमिसागरजी वर्णीके ग्रन्थ भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने लगभग २५ वर्ष पूर्व 'ललितनेमिग्रन्थ संग्रह के नामसे मसूरमें एक ग्रन्थालय स्थापित किया था। उसम उन्हें मैंने भी कुछ ग्रन्थ देहातोंसे एकत्रित करके दिया था। उस समय मैं मैसूरमें विद्याध्ययन कर रहा था।

आदिनाथ ग्रन्थ-भाण्डार अलियूर–यह कारकल तालुकामें मडबिद्री से ९ मील दूरी पर पूर्व दिशामें

अवस्थित है। इस समय तो अलियूर एक सामान्य ग्राम है। हाँ, सुननेमें आता है कि पूर्वमें यह एक नगर रहा। आदिनाथ मन्दिरका जोर्णोद्धार मजलोडि स्व० अनंतय्य शेट्टि द्वारा हालहीमें कराया गया। मन्दिरका स्थान बहुत सुंदर है। स्थान काफी ऊँचा भी है। मन्दिरकी व्यवस्थाके लिये स्थानीय श्रावकोंके सिवाय सरकारसे भी कुछ वर्षाशन नियमित रूपसे मिलता है। मन्दिरके वर्तमान अर्चक श्री अनन्तराजेंद्र उत्साही हैं। सुना है कि इनके पूर्वज बड़े विद्वान् थे। खास कर ज्योतिष और मन्त्र-शास्त्रमें उनकी अच्छी गति रही। इस आदिनाथ ग्रन्थ-भण्डारके कुल ग्रन्थ पहले अर्चकके घर पर थे। मेरी प्रेरणासे अब वे मन्दिरमें ही एक आलमारीमें सुरक्षित रखे गये हैं।

सिद्धान्त बसदि मूडबिद्री—स्थानीय मठके मठाधिपतिका पट्टाभिषेक इसी मन्दिरमें होता है। इसलिये इसे गुरुबसदि भी कहते हैं। बल्कि धवला, जयधवला और महाबंधकी प्राचीन प्रतियाँ इसीमें विराजमान होनेसे सिद्धान्त बसदि भी इसका नाम है। इसमें सोना, चाँदी, स्फटिक, नीलम, गरुडोद्गार, गोमेधक, वैडूर्य, माणिक्य, मोती, हीरा, पुखराग और मूंगा आदि रत्न तथा उपरत्नोंकी ३२ अमूल्य एवं अनर्घ्य जिन प्रतिमाएँ विराजमान हैं जिनके दर्शनके लिये दूर दूरसे अधिक संख्यामें यात्री यहाँ पर आया करते हैं। ये प्रतिमाएँ आधे अंगुलसे लेकर ९ अंगुल तक की हैं। वस्तुतः इनके दर्शनसे हृदयमें एक अभूतपूर्व आनंद पैदा होता है। जनश्रुति है कि धवलादि ग्रन्थ पहले बंबई प्रान्तके धारवाड़ जिलेके बंकापुरमें थे और वहाँसे देवताओंके द्वारा यहाँ पर लाये गये हैं। एक जमानेमें बंकापुर बहुत ही उन्नत स्थितिमें था। यह नगर जैन वीर बंकेयके[१] द्वारा बसाया गया था। उस जमानेमें बंकापुरमें ५ धार्मिक महाविद्यालय[२] वर्तमान थे। खैर, यह विषयांतर है। उक्त सिद्धान्त वसदिमें ९ फीट उन्नत शिलामयी पार्श्वनाथजीकी कायोत्सर्ग मूर्ति है। यह ई० सन् ७१८ में स्थापित हुई है। मूडबिद्रीके कुल मन्दिरोंमें यह सर्व प्राचीन है।

उपर्युक्त ग्रन्थभण्डारोंमें वर्तमान अप्रकाशित ग्रन्थोंमेंसे कुछ ग्रन्थोंके नाम—

विषय—सिद्धांत

क्रम नं०	ग्रन्थ का नाम	कर्ता का नाम	भाषा	ग्रं०सू०पृ०
१	आरोहणसार	×	संस्कृत	१
२	आस्रवसन्तति	श्रुतिमुनि	प्राकृत	१
३	कर्मप्रकृति	अभयचन्द्र	संस्कृत	२
४	कालस्वरूप	×	प्राकृत	४+
५	चतुर्गतिबन्ध तथा चतुर्बन्ध	×	कन्नड	८
६	त्रिभङ्गिटीका	कनकनन्दी	संस्कृत	१०
७	त्रिभङ्गिटीका	श्रुतमुनि	कन्नड	१०
८	द्रव्यसंग्रहलघुवृत्ति	बालचन्द्र	"	१३
९	*नवपदार्थनिश्चय	वादीभसिंह (?)	संस्कृत	१३
१०	पदार्थसार	माघनन्दी	सं०, प्रा०, क०	१३
११	*परमागमसार	श्रुतमुनि	प्रा०, सं०	१५
१२	बन्धूपदेश	बालचन्द्र	संस्कृत	१६

विषय—अध्यात्म

१३	†ध्यानस्तव	भास्करनन्दी	संस्कृत	२६

१. देखें 'जैन सिद्धांतभास्कर' भा० १२, कि० १ में प्रकाशित मेरा "जैन वीर बंकेय" लेख।

२. देखें 'बम्बई प्रांतके प्राचीन जैन स्मारक' पृष्ठ ११६।

× इस नामके दो-एक ग्रन्थ और है। † यह 'जैन सिद्धान्त भास्कर' में प्रकाशित हुआ है।

विषय–धर्म

१४	*आराधनासमुच्चय	रविचन्द्र	संस्कृत	३७
१५	उद्योगसार	नेमिचन्द्र	"	३९
१६	तत्त्वरत्नप्रदीपिका	बालचन्द्र	कन्नड	४४
१७	तत्त्वार्थवृत्ति	प्रभाचन्द्र	संस्कृत	४५
१८	तत्त्वार्थलघुवृत्ति	दिवाकरमुनीन्द्र	कन्नड	४५
१९	त्रैवर्णिकाचार	इन्द्रनन्दी	संस्कृत	४७
२०	दानसार	प्रभाचन्द्रदेव	कन्नड	४७
२१	प्रायश्चित्तविधि	इन्द्रनन्दी	प्राकृत	५८
२२	भव्यजनकण्ठरत्नाभरण	अभयचन्द्र	कन्नड	६०
२३	गुणप्रकाश	×	संस्कृत	२०७

विषय–न्याय

२४	न्यायमणिदीपिका	×	संस्कृत	९६
२५	*परीक्षामुखवृत्ति	शुभचन्द्रदेव	"	९८
२६	विश्वतत्त्वप्रकाश	भावसेन	"	१०३
२७	सत्यशासनपरीक्षा	विद्यानन्दी	"	१०३
२८	*स्याद्वादसिद्धि	वादीभसिंह	"	१०४
२९	प्रवचनपरीक्षा	अभयचन्द्र	"	२२१

विषय–व्याकरण

३०	कातन्त्रविस्तर	वर्धमान	"	१०७
३१	चिन्तामणिटीका	समन्तभद्र	"	१०७
३२	मन्त्रव्याकरण	समन्तभद्र	"	२२३
३३	जैनेन्द्रन्यास	प्रभाचन्द्र	"	२९०

विषय–काव्य

३४	चन्द्रप्रभचरितव्याख्या	मुनिचन्द्र	"	१२३
३५	धर्मशर्माभ्युदयटीका	देवर	"	१२५
३६	नेमिनिर्वाणटीका	×	"	१२६
३७	यशोधरकाव्यटीका	लक्ष्मण	"	१३०
३८	राघवपाण्डवीयटीका	देवर तथा सूरि (१)	"	१३१
३९	शृंगारसुधाब्धि	मङ्गरस	कन्नड	१३४
४०	पञ्चसंधान	शान्तिराज	संस्कृत	२९१
४१	यशोधरटीका	लक्ष्मण	"	२९२
४२	सरसजनचिन्तामणि	शान्तिराज	"	२९२
४३	सन्देहध्वांतदीपिका	यशःकीर्ति	"	२९३

विषय–अलङ्कार

४४	*अलङ्कारसंग्रह	अमृतानन्दी	"	१३५
४५	वाग्भटालंकार	बालचन्द्र	"	१३७

विषय—पुराण

४६	त्रिषष्टिलक्षणमहापुराण	मल्लिषेण	संस्कृत	१४६
४७	*धर्मनाथपुराण	बाहुबली	कन्नड	१४६
४८	पाण्डवपुराण	वादिचन्द्र	संस्कृत	१४८
४९	पार्श्वनाथपुराण	पार्श्वनाथ	कन्नड	१४८
५०	श्रीपुराण	हस्तिमल्लि	संस्कृत	१४८

विषय—चरित

५१	ज्ञानचन्द्राभ्युदय	कल्याणकीर्ति	कन्नड	१५२
५२	ज्ञानचन्द्रचरित	पायणवर्णी	,,	१५२
५३	पार्श्वनाथचरित	शान्तिकीर्ति	,,	१५४
५४	प्रभंजनचरित	मंगरस	,,	१५५
५५	प्रद्युम्नचरित	महासेन	संस्कृत	१५५
५६	श्रीपालचरित	सकलकीर्ति	,,	१५७
५७	ज्ञानभास्करचरित	नेम्मण	कन्नड	२३१
५८	धन्यकुमारचरित	आदिनाथ	,,	२३२
५९	नागकुमारषड्पदि	विजयण्ण	,,	२३३
६०	,,	कल्याणकीर्ति	,,	२३३
६१	बाहुबलिचरित	चिक्कण	,,	२३३
६२	यशोधरचरित	चन्दण	,,	२३४
६३	रोहिणीचरित	जिनचन्द्र	,,	२३४
६४	लोभदत्तचरित	नेमरस	,,	२३४
६५	वर्धमानचरित	पद्म	,,	२३४
६६	वसन्ततिलकाचरित	नेमिचन्द्र	,,	२३४
६७	विजयकुमारीचरित	श्रुतिकीर्ति	,,	२३४
६८	श्रीपालचरित	इन्द्रदेवरस	,,	२३४
६९	,,	वर्धमान	,,	२३५
७०	श्रेणिकचरित	जिनदेवण	,,	१३५
७१	अनन्तमतिचरित	सातणवर्णी	,,	२६७
७२	अञ्जनाचरित	शिशुमायण	,,	२६९
७३	आंजनेयचरित	मायण	,,	२६९
७४	सुकुमारचरित	शान्तिनाथ	,,	२६९
७५	सुदर्शनचरित	नेमरस	,,	२६९

विषय—इतिहास

७६	श्रीपालचरित	केशण	,,	२९७
७७	गोम्मटेश्वरचरित (कारकल)	चन्द्रम	,,	१६४
७८	,, (वेणूर)	गुरुराम	,,	२६८

विषय—वैद्यक

७९	कल्याणकारक	सोमनाथ	,,	१६५
८०	बालग्रहचिकित्सा	देवेन्द्रमुनि	,,	२७१

विषय–ज्योतिष

८१	अक्षरकेवलिप्रश्न	×	,,	१६६
८२	केवलज्ञानहोराशास्त्र	चन्द्रसेन	,,	१६६
८३	केवलिप्रश्न	×	कन्नड	१६७
८४	गर्भप्रश्न	×	,,	२४२
८५	चन्द्रोन्मीलनप्रश्न	×	संस्कृत	२४२
८६	जिनेन्द्रमाला	×	कन्नड	२४२
८७	*ज्योतिर्ज्ञानविधि	श्रीधराचार्य	संस्कृत	२४२
८८	अट्टमत	अर्हद्दास	कन्नड	२७३
८९A	तीर्थंकेवलिप्रश्न	×	संस्कृत	२७४
८९B	*केवलज्ञानचूडामणि	समन्तभद्र (?)	,,	२४७

विषय–गणित

९०	गणितविलास	चन्द्रम	कन्नड	१६८
९१	*गणितसार	श्रीधराचार्य	संस्कृत	१६९
९२	गणितसंग्रह	राजादित्य	कन्नड	१६९

विषय–मन्त्रशास्त्र

९३	गणधरवलयकल्प	×	संस्कृत	१६९
९४	पञ्चनमस्कारचक्र	×	,,	१७०
९५	*कामचाण्डालिनीकल्प	मल्लिषेण	,,	२४४
९६	ज्वालिनीकल्प	इन्द्रनन्दी तथा मल्लिषेण	,,	२४४–५
९७	ब्रह्मविद्याविधि	×	,,	२४५
९८	विद्यानुवादांग	×	,,	२४६
९९	सरस्वतीकल्प	मल्लिषेण तथा विजयकीर्ति	,,	२६६
१००	*श्रीदेवताकल्प	अरिष्टनेमि	,,	२७६

विषय–स्तोत्र

१०१	निजाष्टक	योगींद्रदेव	प्राकृत	१८९
१०२	वृषभनाथगद्य	हस्तिमल्ल	संस्कृत	१९३
१०३	सिद्धस्तोत्र	आशाधर	,,	१९६
१०४	अर्हद्भक्ति	,,	,,	२५०
१०५	चतुर्विंशतिस्तव	केशवसेन		२५०
१०६	चन्द्रप्रभस्वामिघोष	पूज्यपाद		२५०
१०७	चतुर्विंशतिस्तोत्र	माघनन्दी		२७८
१०८	आरोग्यस्तोत्र	श्रुतकीर्ति	कन्नड	३०३
१०९	प्रश्नोत्तरचतुर्विंशतिजिनस्तव	धर्मचन्द्र	संस्कृत	३०४

विषय–प्रतिष्ठा तथा पूजा

११०	प्रतिष्ठाकल्प	भट्टाकलङ्क	संस्कृत	२१४

१११	अष्टमनन्दीश्वरपूजा	विद्यानन्दी	संस्कृत	२१६
११२	सिद्धचक्रपूजा	आशाधर	,,	२२०
११३	संक्षिप्तश्रुतज्ञानविधान	चन्द्रम	,,	२२०

विषय–आराधना तथा व्रतविधान

११४	भुजबलिकल्याणव्रतविधान	पद्मनन्दी	,,	२१८
११५	श्रुतस्कन्धाराधना	विजयवर्णी	,,	२१९

विषय–परीक्षा

११६	अश्वपरीक्षा	अभिनवचंद्रम	कन्नड	२४६

विषय–क्रियाकाण्ड

११७	*दशभक्त्यादिसंग्रह	वर्धमान	सं०, प्रा०, क०	२४९

विषय–कथा

११८	चन्द्रषष्ठिकथा	माधवचन्द्र	संस्कृत	२३५
११९	त्रैलोक्यविधानकथा	अभ्रदेव	संस्कृत	२३६
१२०	रत्नत्रयकथा	पद्मनन्दी	,,	२३६
१२१	रुक्मिणीकथा	सोमदेव	,,	२३६

विषय–गीत

१२२	आदिनाथयक्षगान	सदानन्द	कन्नड	२५१
१२३	पद्मावतीयक्षगान	बाहुबली तथा शङ्कर भट्ट	,,	२५२

विषय–नीति

१२४	*नीतिवाक्यामृतटीका	नेमिनाथ	कन्नड	२९३

ग्रन्थतालिका-निर्माणमें कठिनाइयाँ

ग्रन्थतालिकानिर्माणमें सबसे बड़ी कठिनाई यह होती है कि एक बंडलमें एक-दो नहीं, किसी-किसीमें दस-बीस ग्रन्थ तक रहते हैं। वे भी एक विषयके नहीं, भिन्न-भिन्न विषयके। ऐसा भी है कि किसी-किसी बंडलमें पूर्ण ग्रन्थ एक भी नहीं मिलता। किन्तु किसीका एक पत्र, किसीके दो पत्र, किसीके चार पत्र और किसीके आठ। इसके साथ-साथ दूसरी यह दिक्कत भी है कि ताडपत्रीय ग्रन्थोंकी लिपि बहुत ही बारीक़ रहती है। बल्कि, किसी-किसीकी लिपि इतनी खराब होती है कि वह पढ़ी ही नहीं जाती। ऐसे भी संग्रह मिलते हैं कि एक ही में ज्योतिष, मंत्रशास्त्र, कामशास्त्र, स्तुति और भजनादि सब कुछ भर दिये गये हैं। जैसे कोई आधे पत्रमें, कोई एक पत्रमें, कोई दो पत्रोंमें और कोई चार पत्रोंमें। पाठक ही सोचें कि इसका क्या नाम लिखा जाय और क्या विषय। इसे एक छोटा नोट-बुक कहना ही समुचित है।

वस्तुतः प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थोंकी तालिका तैयार करना आसान काम नहीं है, जैसे कुछ व्यक्ति समझ रहे हैं। प्रत्युत यह बहुत ही कष्टसाध्य एवं रूक्ष काम है। इस बातका अनुभव एक भुक्तभोगी ही कर सकता है। बंडलके प्रत्येक पत्रको सावधानीसे उलट-पुलट कर देखना आवश्यक होता है। अन्यथा बीचमें जो ग्रन्थ छिपा हुआ है, वह छूट ही जाता है। गणितसार-श्रीधराचार्य, परीक्षामुखवृत्ति-शुभचन्द्र, स्याद्वादसिद्धि तथा नवपदार्थ-निश्चय-वादीभसिंह, आराधनासार-रविचन्द्र और ध्यानस्तव-भास्करनंदी आदि अभी उपलब्ध अप्रकाशित नये ग्रन्थ क्या पहलेसे भाण्डारोंमें मौजूद नहीं थे? फिर इसके पूर्व, पूर्वमें तालिकानिर्माण करनेवालोंको ये ग्रन्थ क्यों नहीं मिले? कृपया इसका अर्थ कोई यह न लगावें कि प्रस्तुत तालिका त्रुटियोंसे सर्वथा मुक्त है। इसमें भी बहुत सी त्रुटियाँ होंगी और उन त्रुटियोंका होना कोई अस्वाभाविक नहीं है। हाँ, सावधानीसे काम लिया गया है। फिर भी एक व्यक्तिके हाथका काम नहीं है, मैं इस पर विज्ञ पाठकोंको पूर्ण विश्वास दिला दूँ।

धन्यवाद समर्पण

अंतमें ग्रन्थभाण्डारके संरक्षकों एवं अन्यान्य सहयोगियोंको धन्यवाद देना भी मेरा कर्तव्य है। ग्रन्थ-भाण्डारके संरक्षकोंमें खास कर श्रद्धेय स्वस्ति श्री भट्टारक चारुकीर्तिजी मूडबिद्री और स्वस्ति श्री भट्टारक ललित-कीर्तिजी कारकल विशेष धन्यवादके पात्र हैं। आप दोनोंने अपने यहाँके ग्रन्थ-तालिका-निर्माणमें विशेष रूपसे सहायता की है। इसके अतिरिक्त श्री वीरवाणी-विलास जैन सिद्धान्त-भवनके संचालक सरस्वतीभूषण पं० वी० लोकनाथजी शास्त्री, आदिनाथ ग्रन्थभाण्डार अलियूरके अधिकारी श्री अनंतराजेन्द्रजी, मूडबिद्रीके अन्यान्य फुटकर संग्रहोंके संरक्षक जैसे सिद्धांत बसदिके प्रबंधक जैन पंच, चौटर श्री धर्मसाम्राज्यजी, पं० श्री नेमिराजजी सेट्टि, पं० श्री एम्० एस० पद्मनाभजी शास्त्री, बेंकणतिकारीबसदि श्री जिनराजेंद्रजी, होसबसदि श्री शांतिराजेंद्रजी पडुबसदि श्री अनन्तराजेंद्रजी और मा० श्री देवराजजी सेट्टि भी धन्यवादके अधिकारी हैं, जिन्होंने बड़ी उदारतासे सूचीनिर्माणार्थ अपने यहाँके बहुमूल्य ग्रन्थोंको सहर्ष प्रदान किया है।

सहयोगियोंमें सरस्वतीभूषण पं० श्री० लोकनाथजी शास्त्री, पं० श्री एस० चन्द्रराजेंद्रजी शास्त्री, पं० श्री एम० एस० पद्मनाभजी शास्त्री तथा पं० श्री एम० पी० भोजराजजी पुर्वाणिका भी मैं नहीं भूल सकता जिनकी सहायतासे इस ग्रन्थ तालिकाको मैं इस रूपमें आप पाठकोंके समक्ष रख सका। इस अवसर पर 'जैन विद्या-वर्द्धक संघ' मूडबिद्रीके सुयोग्य कार्यदर्शी श्री एम० जगत्पालजीके उपकारका स्मरण करना भी मैं अपना धर्म समझता हूँ, जिन्होंने बड़ी उदारतासे 'भारतीय ज्ञानपीठ' के शाखा-कार्यालयको लगभग दो साल तक बिना प्रति-फलापेक्षाके अपने ही यहाँ संघ-भवनमें स्थान दे कर इसके प्रत्येक कार्यमें समय-समय पर सहायता की है। इस तालिका-निर्माण-कार्यमें मठके ग्रन्थभाण्डारके व्यवस्थापक पं० श्रीनागराजजी शास्त्रीसे भी काफी सहायता मिली है, अतः वे भी धन्यवादके पात्र हैं।

---

* इस चिह्नवाले ग्रन्थ भारतीय ज्ञानपीठकी ओरसे प्रकाशित होनेवाले हैं।

मेरा निवेदन

अब ग्रन्थ-तालिकाके संपादनके संबंधमें भी दो शब्द लिख देना परमावश्यक है। इस ग्रन्थ-तालिकाका निर्माण कार्ड सिस्टममें 'भारतीय ज्ञानपीठ' काशीके शाखाकार्यालय मूडबिद्रीमें हुआ। बाद आज्ञानुसार ये कार्ड सबके सब प्रधान कार्यालय काशीमें भेज दिये गये, और व्यवस्थापकजीको लिख दिया था कि इसका प्रूफ़ मेरे पास आ जाना चाहिये, ताकि प्रूफ़में सुधारी जानेवाली आवश्यक बातें सहज सुधार दी जाँय। किंतु छपाई आदिकी असुविधासे वे ऐसा नहीं कर सके। परिणामस्वरूप ग्रंथ-तालिका में कहीं ग्रंथ तथा ग्रंथकर्ताके जैसे-चंद्रप्रभका चंद्रप, शान्तिका शान्ति और यंत्रप्रतिष्ठा विधानका यथाप्रतिष्ठाविधान, यंत्रविधिका यंत्रीविधि आदि नामोंमें भी अशुद्धियाँ रह गई हैं।

ग्रंथ तालिकातर्गत अजैन ग्रंथोंको * इस चिन्हके द्वारा सूचित करनेका प्रयास कार्यालय वालोंने किया है अवश्य, पर यह भी कहीं कहीं छूट गया है।

अस्तु, इस ग्रंथ-तालिकाको प्रकाशमें लानेके उपलक्षमें 'भारतीय ज्ञानपीठ'के संस्थापक श्रीमान् दानवीर सेठ शांतिप्रसादजी, मंत्री बाबू श्री अयोध्याप्रसादजी गोयलीय तथा न्यायाचार्य श्रीमान् पं० महेंद्रकुमारजी शास्त्री इन तीनोंका समाज अवश्य कृतज्ञ रहेगा। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि ग्रंथ-तालिकाके दूसरे भागमें बारंग, हुंबुज, श्रवणबेलगोल और कोल्हापुर आदि दक्षिणके शेष ग्रंथभाण्डारोंके ग्रंथ भी अवश्य सम्मिलित किये जायेंगे। तब ही 'ज्ञानपीठ' का यह कार्य पूर्ण संपन्न हुआ समझा जायगा।

मूडबिद्री
६।११।४७

—भुजबली शास्त्री

कन्नड प्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थसूची

कन्नडग्रन्थसूची

मूडबिद्री जैनमठके ताडपत्रीय ग्रन्थ

विषय—सिद्धान्त

ग्रन्थ नं० २०७।

१ आरोहणसार— · · · · पत्र सं०-५। पंक्ति प्रतिपत्र-७। अक्षर प्रतिपंक्ति-८६। लिपि-कन्नड। भाषा-संस्कृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष—इसमें गुणस्थानक्रमारोहणपर प्रकाश डाला गया है।

ग्रन्थ नं० ४६२।

२ आसवतिभंगी—आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०-६४। पंक्ति प्रतिपत्र-८। अक्षर प्रतिपंक्ति-९०। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष—इसमें कन्नडवृत्ति भी है।

ग्रन्थ नं० ५११।

३ आसवसंतति—श्रुतमुनि। पत्र सं०-९। पंक्ति प्रतिपत्र-११। अक्षर प्रतिपंक्ति-१०४। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-जीर्ण।

विशेष—इसमें बालचन्द्रकृत कन्नडटीका भी है। टीकाका प्रारम्भिक पद्य इस प्रकार है—

अभिवन्द्य जिनान्वीरान् सद्ज्ञानादिगुणात्मकान्। कर्णाटभाषया वक्ष्ये टीकामास्रवसन्ततेः॥

ग्रन्थ नं० ७७४।

४ आसवसंतति—श्रुतमुनि। पत्र सं०-१३। पंक्ति प्रतिपत्र-८। अक्षर प्रतिपंक्ति-७४। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-उत्तम।

विशेष—इसमें कन्नडटीका है।

ग्रन्थ नं० ४२।

५ कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]—आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं० २०। पंक्ति प्रतिपत्र-१०। अक्षर प्रतिपंक्ति-७०। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा-जीर्ण।

विशेष—इसमें कन्नडवृत्ति एवं 'रयणसार' के कुछ पत्र भी हैं।

ग्रन्थ नं० ८७।

६ कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]—आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०-७। पंक्ति प्रतिपत्र-९। अक्षर प्रतिपंक्ति-१००। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण शुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष—इसमें मूलमात्र है।

ग्रन्थ नं० ३२०।

७ कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]—आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०-९। पंक्ति प्रतिपत्र-९। अक्षर प्रतिपंक्ति-८०। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा-सामान्य।

ग्रन्थ नं० ३७५।

८ कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–१३९। पंक्ति प्रतिपत्र–७। अक्षर प्रतिपंक्ति–४३। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसमें मुनि प्रभाचन्द्रदेवकृत कन्नडटीका भी है।

ग्रन्थ नं० ५६३।

९ कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२७। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–८०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–अतिजीर्ण तथा खण्डित।

विशेष–इसमें कन्नडटीका है तथा 'रत्नकरण्डश्रावकाचार' के कुछ खण्डित पत्र भी हैं।

ग्रन्थ नं० ५६३।

१० कम्मपयडि [कर्मप्रकृति]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२७। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–८०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–जीर्ण तथा खण्डित।

विशेष–इसमें 'सूक्तिमुक्तावली' के भी कुछ पत्र हैं।

ग्रन्थ नं० ८७।

११ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं०–६। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–९६। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० १८६।

१२ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र संख्या–६। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–८५। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० २४५।

१३ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं०–८। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–१०४। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ३२०।

१४ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं०–९। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–६५। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ३५१।

१५ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं०–१०। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–८८। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

अन्तिम पद्य–जयन्ति विधुताशेषपापाञ्जनसमुच्चयाः। अनन्तानन्तधीदृष्टिसुखवीर्या जिनेश्वराः॥ कृतिरियमभयचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तिनः।

ग्रन्थ नं० ३८३।

१६ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं० २४। पंक्ति प्रतिपत्र–५। अक्षर प्रतिपंक्ति–४५। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

प्रारम्भिक पद्य–प्रक्षीणावरणद्वैतमोहप्रत्यूहकर्मणे। अनन्तानन्तधीदृष्टिसुखवीर्यात्मने नमः॥ १॥

विशेष–यह ग्रन्थ 'गोम्मटसार' से भिन्न है, तथा गद्यरूप है।

ग्रन्थ नं० ५८२।

१७ कर्मप्रकृति–आचार्य अभयचन्द्र। पत्र सं०–५३। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–११०।

लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

अन्तिम पद्य–जयन्ति विधुताशेषपापाञ्जनसमुच्चयाः। अनन्तानन्तधीदृष्टिसुखवीर्या जिनेश्वराः॥

ग्रन्थ नं० ३३४।

१८ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–२ । पंक्ति प्रतिपत्र–८ । अक्षर प्रतिपंक्ति–६० । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ९ ।

१९ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–५ । पंक्ति प्रतिपत्र–११ । अक्षर प्रतिपंक्ति–१२० । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

ग्रन्थ नं० ५० ।

२० कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–७ । पंक्ति प्रतिपत्र–७ । अक्षर प्रतिपंक्ति–९५ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

ग्रन्थ नं० ५१ ।

२१ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–८ । पंक्ति प्रतिपत्र–१० । अक्षर प्रतिपंक्ति–६९ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा–जीर्ण।

विशेष–इसमें कन्नडटीका भी है।

ग्रन्थ नं० ९० ।

२२ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–१३ । पंक्ति प्रतिपत्र–७ । अक्षर प्रतिपंक्ति–७८ । लिपि–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–मेरुनन्दिके शिष्य जिनचन्द्रदेवने तेंकण आदियण्णके वास्ते इसे लिखा है।

ग्रन्थ नं० २१४ ।

२३ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–१५ । पंक्ति प्रतिपत्र–६ । अक्षर प्रतिपंक्ति–१८ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

ग्रन्थ नं० ३२१ ।

२४ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–२५ । पंक्ति प्रतिपत्र–६ । अक्षर प्रतिपंक्ति–४२ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–जीर्ण।

ग्रन्थ नं० ४६२ ।

२५ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–७ । पंक्ति प्रतिपत्र–९ । अक्षर प्रतिपंक्ति–९२ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–प्रतिमें इसका नाम 'कर्मप्रकृतिबोल्लि' है।

ग्रन्थ नं० ४६४ ।

२६ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–८ । पंक्ति प्रतिपत्र–८ । अक्षर प्रतिपंक्ति–४२ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा अशुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ४८१ ।

२७ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–१९ । पंक्ति प्रतिपत्र–५ । अक्षर प्रतिपंक्ति–४६ । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ६३६ ।

२८ कर्मप्रकृति–···· । पत्र सं०–१७ । पंक्ति प्रतिपत्र–४ । अक्षर प्रतिपंक्ति–४० । लिपि–कन्नड। भाषा–कन्नड। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ६५९।

२९ कर्मप्रकृति-····। पत्र सं०-८०। पंक्ति प्रतिपत्र-८। अक्षर प्रतिपंक्ति-२०। लिपि-कन्नड। भाषा-कन्नड। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा अशुद्ध। दशा-जीर्ण।

ग्रन्थ नं० ७४५।

३० कर्मप्रकृति-····। पत्र सं०-८। पंक्ति प्रतिपत्र-११। अक्षर प्रतिपंक्ति-५०। लिपि-कन्नड। भाषा-कन्नड। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-उत्तम।

विशेष-इसमें 'लोकस्वरूप' का भी एक पत्र है।

ग्रन्थ नं० ७६८।

३१ कर्मप्रकृति-····। पत्र सं०-११। पंक्ति प्रतिपत्र-८। अक्षर प्रतिपंक्ति-५६। लिपि-कन्नड। भाषा-कन्नड। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष-इसमें 'पंचपरमेष्ठिस्वरूप' (कन्नड) के भी २ पत्र हैं।

ग्रन्थ नं० ९०३।

३२ कर्मप्रकृति-····। पत्र सं०-७½। पंक्ति प्रतिपत्र-८। अक्षर प्रतिपंक्ति-८०। लिपि-कन्नड। भाषा-कन्नड। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य।

ग्रन्थ नं० ३३५।

३३ कालविभाग-····। पत्र सं०-७। पंक्ति प्रतिपत्र-७। अक्षर प्रतिपंक्ति-५८। लिपि-कन्नड। भाषा-कन्नड। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा-उत्तम।

ग्रन्थ नं० ६३६।

३४ कालस्वरूप-····। पत्र सं०-२५। पंक्ति प्रतिपत्र-४। अक्षर प्रतिपंक्ति-४०। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। पूर्ण तथा अशुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष-इसमें बीच बीच में संस्कृतविवरण भी है।

प्रारम्भिक पद्य-वन्दित्ता पंचगुरू सदिदपरिपूजिए अणंतगुणे। भरहेरावहखेत्तजकालसरूवं पवक्खामि॥१॥

ग्रन्थ नं० ७४०।

३५ कालस्वरूप-······। पत्र सं-२०। पंक्ति प्रतिपत्र-५। अक्षर प्रतिपंक्ति-८१। लिपि-कन्नड। भाषा-संस्कृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा-जीर्ण।

ग्रन्थ नं० १०१।

३६ गोम्मटसार [जीवकाण्ड तथा कर्मकाण्ड] आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०-२०। पंक्ति प्रतिपत्र-७। अक्षर प्रतिपंक्ति-१०६। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा-सामान्य।

विशेष-इसमें संदृष्टिके भी कुछ पत्र है।

ग्रन्थ नं० ५८९।

३७ गोम्मटसार [जीवकाण्ड तथा कर्मकाण्ड] आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०-५०। पंक्ति प्रतिपत्र-५। अक्षर प्रतिपंक्ति-८०। लिपि-नागरी। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा अशुद्ध। दशा-अतिजीर्ण तथा खण्डित।

विशेष-इसमें 'दशवैकालिक' तथा 'आप्तमीमांसा' के भी कुछ खण्डित पत्र हैं।

ग्रन्थ नं० २१।

३८ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]-आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं० ९। पंक्ति प्रतिपत्र-९। अक्षर प्रतिपंक्ति-१३०। लिपि-कन्नड। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। लेखनकाल-×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा-उत्तम।

विशेष-इसमें केशववर्णीकृत संस्कृतटीका भी है।

ग्रन्थ नं० ६६ ।

३९ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं० २२४ । पंक्ति प्रतिपत्र ६ । अक्षर प्रतिपंक्ति-६२ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा– सामान्य ।

विशेष–इसमें आचार्य अभयचन्द्रकी संस्कृतटीका भी है ।

ग्रन्थ नं० ८० ।

४० गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–१५ । पंक्ति प्रतिपत्र–१३ । अक्षर प्रतिपंक्ति–८५ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० ९३ ।

४१ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–५१ । पंक्ति प्रतिपत्र–९ । अक्षर प्रति-पंक्ति–१०४ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य ।

विशेष–इसमें धनञ्जयनाममालाके भी ३ पत्र हैं ।

ग्रन्थ नं० १५१ ।

४२ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं० २६ । पंक्ति प्रतिपत्र–१० । अक्षर प्रति-पंक्ति–६७ । लिपि–कन्नड । भाषा– प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० ४९६ ।

४३ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–५५ । पंक्ति प्रतिपत्र–७ । अक्षर प्रति-पंक्ति–१२० । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–अति जीर्ण ।

विशेष–इसमें केशववर्णीकृत कन्नडटीका भी है ।

ग्रन्थ नं० ५११ ।

४४ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–३९ । पंक्ति प्रतिपत्र–१० । अक्षर प्रति-पंक्ति–१०४ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा-जीर्ण ।

विशेष–इसमें कन्नडटीका है ।

ग्रन्थ नं० ५५७ ।

४५ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–१० । पंक्ति प्रतिपत्र–७ । अक्षर प्रति-पंक्ति–९२ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

विशेष–इसमें कन्नड टीका भी है ।

ग्रन्थ नं० ५६७ ।

४६ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं० १७ । पंक्ति प्रतिपत्र–८ । अक्षर प्रति-पंक्ति–४६ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० ५७३ ।

४७ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं० ५० । पंक्ति प्रतिपत्र–११ । अक्षर प्रतिपंक्ति १२० । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–जीर्ण ।

विशेष–इसमें कवि अग्गलकृत 'चन्द्रप्रभपुराण' के भी कुछ पत्र हैं ।

ग्रन्थ नं० ५७४।

४८ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–१७। पंक्ति प्रतिपत्र– ६। अक्षर प्रति-पंक्ति–८०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय– सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

ग्रन्थ नं० ५८८।

४९ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–१३७। पंक्ति प्रतिपत्र–११। अक्षर प्रतिपंक्ति–१५०। लिपि–कन्नड। भाषा– प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसके अन्तकी ७ गाथाएँ नहीं हैं। इसमें केशववर्णीकृत 'जीवतत्त्वप्रदीपिका' नामक कन्नड टीका भी है।

ग्रन्थ नं० ६७२।

५० गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–१९। पंक्ति प्रतिपत्र–९। अक्षर प्रति-पंक्ति–५०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–इसमें 'द्रव्यसंग्रह' तथा 'रत्नकरण्डश्रावकाचार' के भी कुछ पत्र हैं।

ग्रन्थ नं० ७६७।

५१ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–११२। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रति-पंक्ति–१४०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय– सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–इसमें केशवण्णविरचित 'जीवतत्त्वप्रदीपिका' नामक कन्नडवृत्ति है।

ग्रन्थ नं० ७८७।

५२ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२५। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रति-पंक्ति–९८। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–इसमें मूलगाथाओंकी संस्कृत-छाया है तथा त्रिभंगी आदिके भी कुछ खण्डित पत्र हैं।

ग्रन्थ नं० ८१३।

५३ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–४१। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रति-पंक्ति–४०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसम षोडशभावनाके गीत भी हैं।

ग्रन्थ नं० ९०५।

५४ गोम्मटसार [जीवकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–६६। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रति-पंक्ति–१४६। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसमें संदृष्टियाँ तथा संस्कृतटिप्पणी भी हैं।

ग्रन्थ नं० ५८।

५५ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२९४। पंक्ति प्रतिपत्र–११। अक्षर प्रति-पंक्ति–१००। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसमें चामुण्डरायके द्वारा शालिवाहन शक १८२१ में रचित कन्नडवृत्ति भी है। वृत्तिके अन्तमें एक विस्तृत कन्नडप्रशस्ति लगी है।

ग्रन्थ नं० २३७।

५६ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–३७। पंक्ति प्रतिपत्र–१२। अक्षर प्रतिपंक्ति–११०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा शुद्ध। दशा–जीर्ण।

विशेष–इसमें केशववर्णीकृत विस्तृत कन्नडटीका भी है।

ग्रन्थ नं० २३७।

५७ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–३७। पंक्ति प्रतिपत्र–१२। अक्षर प्रतिपंक्ति–११०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–जीर्ण।

ग्रन्थ नं० २९४।

५८ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–३१७। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–१३२। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा शुद्ध। दशा–उत्तम।

विशेष–इसमें केशण्णरचित कन्नडटीका है। यह टीका शालिवाहन शक १२८१ विकारि संवत्सर, चैत्र शुक्ला ५ के दिन रची गई है।

ग्रन्थ नं० ४२३।

५९ गोम्मटसार [जीवकाण्ड की टिप्पणी]–पत्र सं० २२। पंक्ति प्रतिपत्र–१३। अक्षर प्रतिपंक्ति–१९९। लिपि–कन्नड। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–उत्तम।

ग्रन्थ नं० ४३२।

६० गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२२५। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–२००। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य।

विशेष–इसमें केशववर्णीकृत कन्नडटीका है। भट्टारक धर्मभूषणकी आज्ञासे उक्त केशववर्णीने शालि शक १२८१ में इस टीकाकी रचना की है। लेखक पण्डितदेव हैं।

ग्रन्थ नं० ५०९।

६१ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–३०। पंक्ति प्रतिपत्र–८। अक्षर प्रतिपंक्ति–६३। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–जीर्ण।

ग्रन्थ नं० ५४४।

६२ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–१७१। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–१६०। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–अतिजीर्ण।

विशेष–इसमें बीच बीचमें कन्नडटीका भी है।

ग्रन्थ नं० ५८६।

६३ गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–२८१। पंक्ति प्रतिपत्र–१०। अक्षर प्रतिपंक्ति–१२५। लिपि–कन्नड। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। लेखनकाल–×। शालि शक १२५१। अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध। दशा–अतिजीर्ण।

विशेष–इसमें केशववर्णीकृत कन्नडवृत्ति है। यह वृत्ति शालि शक १२५१ विकारि संवत्सर, चैत्र शुक्ला ५ के दिन रची गई है।

ग्रन्थ नं० ६७० ।

६४ **गोम्मटसार [कर्मकाण्ड]**–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–२० । पंक्ति प्रतिपत्र–९ । अक्षर प्रतिपंक्ति–९८ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । अपूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–उत्तम ।

विशेष–इसमें संस्कृत तथा कन्नडवृत्ति है, तथा पूजा एवं वैद्यक संबंधी कुछ पत्र भी हैं ।

ग्रन्थ नं० ५००।

६५ **चतुर्गतिबन्धक्रम**–······पत्र सं० ५ । पंक्ति प्रतिपत्र–१० । अक्षर प्रतिपंक्ति–८४ । लिपि–कन्नड । भाषा–कन्नड । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० २९२ ।

६६ **चतुर्बन्ध**–······ पत्र सं०–१० । पंक्ति प्रतिपत्र–७ । अक्षर प्रतिपंक्ति–५७ । लिपि–कन्नड । भाषा–कन्नड । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा सामान्य ।

ग्रन्थ नं० ३२१ ।

६७ **चतुर्बन्ध**–······पत्र सं०–१९ । पंक्ति प्रतिपत्र–६ । अक्षर प्रतिपंक्ति–४५ । लिपि–कन्नड । भाषा–कन्नड । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० २८१ ।

६८ **ठिदिबन्ध–[स्थितिबन्ध]**–······पत्र सं०–६३ । पंक्ति प्रतिपत्र–९ । अक्षर प्रतिपंक्ति–११३ । लिपि–कन्नड । भाषा–प्राकृत तथा कन्नड । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं ३२१ ।

६९ **तत्त्वस्वरूप**–······पत्र सं०– ६ । पंक्ति प्रतिपत्र–६ । अक्षर प्रतिपंक्ति–३४ । लिपि–कन्नड । भाषा–कन्नड । विषय–सिद्धान्त । लेखनकाल–× । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य ।

ग्रन्थ नं० ३२० ।

